



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन



ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बड़ा बदलाव कर दिया है। आज से 19 किलोग्राम कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 171.50 रुपए तक की भारी कटौती कर दी है।

वर्ष 52/ अंक 253/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, सोमवार 1 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

## सांध्यप्रकाश विशेष

## केबीसी 15: 'कौन बनेगा करोड़पति 15' शो के रजिस्ट्रेशन हुए शुरू, ऐसे करें शो में रजिस्टर



इस टीवी रियलिटी शो को बिग बी के कारण से लोग काफी पसंद करते है। वहीं, शो से एक नई खबर सामने आई है, जिससे फैंस काफी एक्साइटेड है। शो को इस बार भी अमिताभ बच्चन ही होस्ट करेंगे। अब केबीसी15 के रजिस्ट्रेशन भी चालू हो गए हैं। चैनल के सोशल मीडिया से यह जानकारी मिली है।दरअसल, चैनल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शो का नया प्रोमो शेयर करते हुए यह जानकारी दी है। इस वीडियो प्रोमो में अमिताभ बच्चन कहते है कि मानता हूं हॉट सीट आप सभी का सपना है और अपने सपने पूरे करने को लेकर आप कुछ भी कर सकते हैं। कौन बनेगा करोड़पति 15 के रजिस्ट्रेशन अब शुरू हो चुके हैं अब हर रोज आपसे एक नया सवाल किया जाएगा। अमिताभ बच्चन को इस शो के होस्ट होने से भी बहुत पसंद किया जाता है।

### रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं

शनिवार रात से 'कौन बनेगा करोड़पति 15' में जो लोग भाग लेना चाहे वो शो के 15वें सीजन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया। शो के रजिस्ट्रेशन की तारीख का पार्टिसिपेंट्स को कबसे इंतजार था।

### इस तरह करें शो के लिए रजिस्ट्रेशन

आप एसएमएस के द्वारा रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, वहीं इसके अलावा आप सोनी लिव ऐप को डाउनलोड कर के रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अमिताभ बच्चन की फिल्मों के बारे में बात करें तो एक्टर लास्ट अपनी फिल्म ऊंचाई में नजर आए थे। जो कि बुजुर्गों से जुड़ी हुई फिल्म थी। उसमें अमिताभ सहित कई बड़े सितारों को एक स्क्रीन पर साथ में देखा गया था। फिल्म को लोगों ने बहुत पसंद किया था।

## मन की बात कार्यक्रम का कुछ ऐसा दीवानापन, दूल्हे ने टाली कुछ समय के लिए शादी की रस्में



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के आज 100 एपिसोड पूरे हो गए। ऐसे में उनके इस कार्यक्रम को देश भर में काफी ज्यादा पसंद किया गया। लेकिन इसी बीच एक ऐसी खबर सामने आई जिसमें दूल्हे ने मन की बात कार्यक्रम के चलते अपनी शादी की रस्मों को कुछ समय के लिए रोक दिया।

दरअसल, भीलवाड़ा से ये रोचक मामला सामने आया है जहां पर एक युवक ने पीएम मोदी के समय मन की बात एपिसोड सुनने के लिए शादी की रस्मों को ही कुछ समय के लिए टाल दिया। बातचीत पर उसने बताया कि वह नरेंद्र मोदी का बहुत बड़ा फैन है और वह प्रधानमंत्री के विशेष कार्यक्रम मन की बात को लगातार आज तक सुनते आया है और आज का एपिसोड उसके लिए बहुत ही खास था क्योंकि यह 100वाँ एपिसोड था।

वहीं दूल्हे की इस शर्त को उसके परिवार एवं रिश्तेदारों ने मान लिया और सभी एक साथ बैठकर मन की बात का 100 वाँ एपिसोड सुनने लगे। पीएम के मन की बात को सुना इसके बाद शादी की बची हुई रस्मों को निभाया गया। जिसके बाद शादी की अन्य रस्मों को निभाया गया।

## राजभवन में मनाया गया गुजरात एवं महाराष्ट्र दिवस समारोह






भोपाल। राजभवन में आज गुजरात एवं महाराष्ट्र दिवस समारोह मनाया गया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने दोनों राज्यों के निवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये दोनों ही राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हैं। गुजरात ने तो अपना डंका केवल देश ही नहीं पूरी दुनिया में बजाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहाने कहा- मैं महाराष्ट्र का जमाई हूं और गुजराती समाज स्कूल में मैंने पढ़ाई की है। इसलिए मेरा दोनों ही राज्यों से विशेष जुड़ाव है। महाराष्ट्र और गुजरात के स्थापना दिवस पर दोनों राज्यों के नागरिकों को मध्यप्रदेश की ओर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। दोनों राज्य प्रगति और विकास के मार्ग पर सतत अग्रसर हैं। दोनों राज्यों का इतिहास जितना समृद्धशाली है, उनका वर्तमान भी अनेकों उपलब्धियों से भरा हुआ है। उन्होंनें कहा कि मध्यप्रदेश इन दोनों राज्यों की तरह समृद्धशाली और विकसित राज्य बना है।

इस अवसर पर गुजरात एवं महाराष्ट्रदोनों राज्यों की संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## हमारी सरकार आएगी, तो मजदूर वर्ग के लिए विशेष कदम उठाएंगे: कमल नाथ





भोपाल। श्रमिक दिवस पर पिपलानी में आयोजित कार्यक्रम मे कांग्रेस के दिग्गज नेता शामिल हुए। भोपाल में कांग्रेस की पहली सभा गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, मुकेश नायक, पीसी शर्मा सहित सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज चुनौती प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित रखने की है। नौजवान रोजगार के लिए परेशान है महिलाएं असुरक्षित हैं। जब तक प्रदेश में निवेश नहीं आएगा तब तक आर्थिक गतिविधि नहीं बढ़ेगी और बाजार नहीं चलेंगे। मंदिर मस्जिद जाने से रोजगार नहीं मिलेगा। इसके लिए हमें प्रयास करने होंगे। 5 महीने बाद जब हमारी सरकार आएगी, तो मजदूर वर्ग के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। जिस बीएचईएल के पिपलानी क्षेत्र में यह सभा हो रही है वहां जब कारखाने की शिफ्ट बदलती थी तब हजारों लोग सड़क पर होते थे। आज 4000 मजदूर भी नहीं है। यह स्थिति बताती है कि प्रदेश किस दिशा में जा रहा है।

कमल नाथ ने कहा भेल हमारा श्रम शक्ति का मंदिर हैं। पहले भेल में सैकडों मजदूर काम करते थे। पंडित जी ने भेल बनाया। यह हमारा संस्कृति का प्रतीक है। भेल में सभी राज्यों से लोग आए। हमारी विभिन्न त्योहार, जाति, धर्म है। हमारी संस्कृति पर आक्रमण हो रहा है। हर मोहल्ले में हर जाति और धर्म के लोग हैं। भाजपा ने बड़े बड़े ठेके दिए, 25 प्रतिशत एडवांस ले लिया। प्रदेश खोखला कर दिया कांग्रेस ने नीति और नीयत का परिचय दिया। शिवराज सिंह को अब बहने याद आने लगी। सबसे ज्यादा प्रदेश में महिलाओं पर जुल्म हुए है। हमारी सरकार आएगी और निवेश लाएंगे।

### पत्रकार सुरक्षा कानून लाएंगे: पचौरी

सुरेश पचौरी ने कहा पत्रकारों के लिए कड़ा सुरक्षा कानून कांग्रेस सरकार लाएगी। प्रदेश के विकास में कमल नाथ का विशेष योगदान रहा है। हमें कष्ट होता है जब कोई आपको पूर्व मुख्यमंत्री कहता है। श्री पचौरी ने कहा की कमलनाथ देश के विकास पुरुष हैं। कमलनाथ ने सड़कों के निर्माण के लिए 25 हजार करोड़ रुपए दिए। मेट्रो प्रोजेक्ट कमलनाथ लाए। मुख्यमंत्री रहते हुए 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली दी। भेल का कारखाना पंडित जवाहरलाल नेहरू, शंकर दयाल शर्मा की बदौलत है।

### मुद्दों से भटकाती है भाजपा: नायक

पूर्व मंत्री और भोपाल के प्रभारी मुकेश नायक ने कहा भोपाल की सातों सीटें कांग्रेस जीतेगी। भाजपा धर्म का उपयोग जनता को मुद्दों से भटकाने के लिए करती है। उन्होंने कहा। पहले मोदी जी ट्रेन में चाय बेचते थे। अब प्रधानमंत्री बनने के बार ट्रेन बेच रहे हैं। भेल जैसे कारखाने बेचने की तैयारी है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंत्रालय में कौशल कमाई योजना, नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट एवं जल निगम की बैठक ली। इस मौके पर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन अकादमी में आज मप्र पीएचडी कोलोक्वियम कार्यक्रम के तहत आयोजित शोध संगोष्ठी को उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने संबोधित किया।

## कर्नाटक में भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र

### यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा, बीपीएल परिवार को 3 रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त



बेंगलुरु। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को अपना घोषणा पत्र प्रजा ध्वनि जारी कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेंगलुरु में इसे जारी किया। घोषणा पत्र में पार्टी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा किया है। साथ ही बीपीएल परिवार को 3 रसोई गैस सिलेंडर युगदी, गणेश चतुर्थी और दीपावली पर मुफ्त देने का वादा किया है।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है- भारत के हर नागरिक के लिए एक समान कानून, चाहे वह किसी भी धर्म हो या जाति का हो। रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस भी राज्य में यूसीसी लागू होगा- वहां, शादी, तलाक, एडॉप्शन, उत्तराधिकार, जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होगा। कार्यक्रम में सीएम बसवराज बोम्मई और बीएस येदियुरप्पा भी मौजूद थे।

### पार्टी की बड़ी घोषणाएं

सभी सीनियर सिटिजन का साल मे एक मास्टर हेल्थ चेकअप मुफ्त।
सभी गरीबों को आधा लीटर नंदिनी दूध और 5 किलो अनाज प्रतिदिन मुफ्त।
अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट प्लान।
टूरिज्म सर्किट विकसित करने के लिए 1500 करोड़ का फंड लाने का वादा।

### किसानों के लिए 30 हजार करोड़ का फंड

इसके अलावा पार्टी ने किसानों के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में माइक्रो कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं, कृषि प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने और कृषि उपज समितियों के आधुनिकीकरण के लिए 30 हजार करोड़ रुपये के फंड का वादा किया है।

### अवैध अप्रवासियों को नागरिकता, एनआरसी लागू करने का वादा

पार्टी ने अवैध अप्रवासियों को नागरिकता और एनआरसी लागू करने का वादा किया है। एनआरसी की शुरुआत 2013 में सुप्रीम कोर्ट की देख-रेख में असम में हुई थी। फिलहाल यह असम के अलावा किसी अन्य राज्य में लागू नहीं है।

## बायजू के सीईओ रवींद्रन के ठिकानों पर ईडी के छापे, कई दस्तावेज और डाटा मिला!

28 हजार करोड़ रुपए विदेशों में प्रत्यक्ष निवेश किए, ईडी ने अपनी जांच में पाया

बेंगलुरू। ऑनलाइन पढ़ाई कराने वाली कंपनी बायजूस के बंगलूरू स्थित तीन ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारकर आपत्तिजनक दस्तावेज व डिजिटल डाटा जब्त किया। ईडी ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पंजीकृत कंपनी थिंक एंड लर्न प्रालि के सीईओ और संस्थापक रवींद्रन बायजू के एक रिहायशी परिसर व दो दफ्तरों में छापा मारा। ईडी के मुताबिक, बायजू की कंपनी ने 2020-21 से वित्तीय ब्योरा तैयार नहीं किया है और न ही खातों का ऑडिट कराया, जबकि यह अनिवार्य प्रक्रिया है। इस कारण कंपनी के दिए आंकड़ों की वास्तविकता की बैंक के साथ जांच की जा रही है। ईडी ने सीईओ रवींद्रन बायजू को कई बार समन भी किया, लेकिन वह कभी पेश नहीं हुए।

## भारत सरकार ने बैन किए 14 मैसेंजर एप्स, आतंकवादी कर रहे थे इस्तेमाल

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 14 मोबाइल मैसेंजर एप को किया ब्लॉक कर दिया है। इन मैसेंजर एप्स का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों में किया जा रहा था। इन मोबाइल मैसेंजर एप का इस्तेमाल आतंकी कर रहे थे। इन्हीं एप्स के जरिए आतंकियों को पाकिस्तान से मैसेज मिलता था। जिन एप्स को भारत सरकार ने बैन किया है, उनमें क्रिपवाइजर, एनिग्मा, सेफस्विस, विक्रमे, मीडियाफायर, ब्रायर, बीचैट, एलीमेंट, जांगी, थ्रीमा जैसे एप्स से नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में अपने साथियों को मैसेज भेजने के लिए इन मैसेंजर एप्स का इस्तेमाल कर रहे थे। देश की कई जांच एजेंसियों की रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है, उसके बाद सरकार ने इन एप्स पर बैन लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक इन एप्स का इस्तेमाल कश्मीर में आतंकवादी अपने समर्थकों और ऑन-ग्राउंड वर्कर्स के साथ मैसेज भेजने और चैटिंग करने के लिए कर रहे थे।

## कांग्रेस ने शुरु किया पे सीएम–क्राई पीएम कैंपेन

### प्रियंका ने मोदी को बताया था रोने वाला पीएम, बोम्मई का जवाब- कांग्रेस तो 9 साल से रो रही




बेंगलुरू। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। पिछले दो दिनों में पीएम की लगातार छह रैलियों के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक नए कैंपेन की शुरुआत की है, जिसे उन्होंने पे सीएम-क्राई पीएम नाम दिया। यह कैंपेन प्रियंका गांधी के कर्नाटक रैली में एक बयान के बाद शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि पीएम हर वक्त अपना दुखड़ा रोते रहते हैं।

सोशल मीडिया पर शुरू किए गए क्राई पीएम अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्यूआर कोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे की तस्वीर लगाई है। उन्होंने प्रियंका गांधी का मोदी की आलोचना करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया। इससे पहले सितंबर 2022 में कांग्रेस ने कर्नाटक सीएम के खिलाफ पे सीएम कैंपेन चलाया था।

बोम्मई बोले - कांग्रेस तो 9 सालों से रो रही हैं

कांग्रेस के कैंपेन पर बासवराज बोम्मई ने पलटवार किया है। बोम्मई ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा, पीएम कभी नहीं रोए। यह कांग्रेस है जो पिछले 9 साल से रो रही है और लोगों को भी कांग्रेसियों के लिए कोई सहानुभूति नहीं है।

### प्रियंका ने कहा कि अपना दुखड़ा सुनाते हैं पीएम

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कर्नाटक के जमखंडी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम पर टिप्पणी की थी। प्रियंका ने कहा था कि मैंने पहला ऐसा पीएम देखा है, जो जनता के सामने आकर रोता है कि मुझे गाली दे रहे हैं। पीएम जनता का दुख सुनने के बजाय अपना दुखड़ा उनको सुनाते हैं।

# लाड़ली बहनों ने रंगोली बनाकर 100 रेडियो के साथ सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



**संत हिरदाराम नगर।** गुरुनानक मंडल द्वारा योग केंद्र ईदगाह हिल्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवीन चेतना को जागृत करने वाले मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को 300 लाड़ली बहनों के साथ सुना।

इस अवसर 100 लाड़ली बहने रेडियो लेकर उपस्थित रही एवं भारत के नक्शे पर भारत माँ के लाल मोदी जी की रंगोली बनाई, साथ ही युवा साथी सुनील विश्वकर्मा ने अपने शरीर पर मोदी की पेंटिंग बनाकर उनके द्वारा मन की बात कार्यक्रम के द्वारा भारत को सीधे खुद से जोड़ने के लिए आभार व्यक्त किया। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआत में कहा मेरे लिए मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, आस्था, पूजा ,व्रत है । जैसे लोग ईश्वर की पूजा करते हैं और प्रसाद की थाल लाते हैं ।मेरे लिए मन की बात ईश्वर रूप जनता का आशीर्वाद पाना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को लेकर आमजन में उत्साह एवं उमंग का माहौल रहता है एवं कुछ नया सीखने को मिलता है। इस अवसर पर चेतन भार्गव, प्रवीण प्रेमचंदानी,महेश मकवाना, सरोज आसेरी, कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र ठाकुर, भगवानदास ढालिया,शुभम सेन, संदीप कल्याणे,सुनील नीलकंठ, कैलाश हिरवे, सुकांति ठाकुरिया, निक्की ठाकुर,चंदू यादव, प्रभात मालवीय, सिद्धार्थ जैन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से आमजन को कुछ नया सीखने को मिलता है: कुकरेजा

## ज़िला संयोजक ने दिव्यांगों का किया पुष्प वर्षा से स्वागत



भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय प्रकोष्ठ ज़िला संयोजक वीर सिंह चौहान सोनी ने नेत्रत्व में एवं भोपाल ज़िला अध्यक्ष सुमित पचौरी के मार्गदर्शन में मन की बात कार्यक्रम में दिव्यांगों का फूल से स्वागत किया गया एवं पानी की बॉटल वितरित की गयी। कार्यक्रम में प्रदेश सह कार्यालय मंत्री नितिन सोनी, ज़िला सह संयोजक धर्मेंद्र चौहान, प्रवीण पाटिल, ज़िला मीडिया प्रभारी शशिकांत चतुर्वेदी, जतिन जैन, योगेश सोनि , मंडल संयोजक दिलीप साहू, ज़िला कार्यालय मंत्री सूरज श्रिवास, रवि वर्मा, ब्रिजेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे

# भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ ने किया महानगर बैंक का भ्रमण



**संत हिरदाराम नगर।** महानगर नागरिक सहकारी बैंक संत हिरदाराम नगर में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली द्वारा सहकारिता क्षेत्र की द आजरा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि. आजरा (महाराष्ट्र) के संचालक मण्डल के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया गया। जिसमें बैंक अध्यक्ष डा. अनिल माधवराव देशपांडे, बैंक के मुख्य कार्यपालक प्रशांत यशवंत गंभीर, संगठन मंत्री सहकार भारती राकेश चैहान ने बैंक के अध्यक्ष सुशील वासवानी से सौजन्य भेंट कर अपनी बैंक के बारे में विस्तृत बताया और कहा कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली ने देश में स्थित को आपरेटिव बैंकों के भ्रमण करने और बैंक द्वारा दी जा रही सुविधा आदि जानने के लिए कहा है उसी तारतम्य में मध्यप्रदेश में ग्वालियर, इंदौर और अब भोपाल में महानगर नागरिक सहकारी बैंक, संत हिरदाराम नगर, भोपाल एवं म.प्र.राज्य सहकारी बैंक का भ्रमण किया।

बैंक अध्यक्ष सुशील वासवानी ने भ्रमण पर आई द आजरा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि. आजरा (महाराष्ट्र) के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्होंने कहा कि देश की सेवा किसी भी क्षेत्र में रहते हुए की जा सकती है इसी प्रकार सहकारिता क्षेत्र में बैंकिंग सेवाऐं प्रदाय कर कमजोर वर्ग के उत्थान हेतु महानगर बैंक सेवाएं देकर देश की सेवा कर रही है और करती रहेगी।

# विशाल निरंकारी जोनल स्तरीय बाल संत समागम का समापन



**संत हिरदाराम नगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद एवं जोनल इंचार्ज आदरणीय अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में संत निरंकारी सत्संग भवन भोपाल में विशाल जोनल स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम दिल्ली से पधारे विदवान प्रचारक महात्मा आदरणीय पंकज पोपली की पावन हुजूरी में सम्पन्न हुआ। इस संत समागम में छोटे बच्चो द्वारा आध्यात्मिक नाटकियां प्रस्तुतिया दी गयी जिसमे मुख्य रुप से हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का सहारा लिया गया क्योकि निरंकारी मिशन अंतराष्ट्रीय मिशन है जहां विश्व के कोने कोने में हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी, मराठी सत्संग के माध्यम से सच का संदेश दिया जाता है। आज इस विशाल बाल संत सत्संग समागम में बच्चो द्वारा समाज को संदेश दिया गया कि रक्तदान एवं नेत्रदान करके हम पीडित मानव किस प्रकार सेवा कर सकते है। साफ सफाई अभियान चलाकर जहां एक स्वच्छ भारत का निर्माण कर सकते है। सादा शादियों का संदेश देते हुए, शादियो में अनावश्यक खर्चा न करके हमे सादगीपूर्ण शादियां करनी चाहिए का संदेश दिया गया वहीं बाल संतों द्वारा नाटक प्रस्तुत करके बताया गया कि नशा करने पर इंसान बर्बादी की ओर जाता है एवं जो नशा नहीं करते है उनके जीवन में शांति का माहौल रहता है रुहानियत एवं इंसानियत संग-संग रहकर किस प्रकार से आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है आदि की नाटकियां प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर महात्मा पंकज पोपली द्वारा कहा गया कि निरंकारी मिशन पूरे विश्व में बाल सत्संग चलाता है। उददेश्य केवल यही होता है कि बच्चे कच्ची मिटटी के समान होते है इन्हे जिस रुप में ढाला जाता है वे उसी अनुरुप में ढल जाते है। बचपन से ही इन बच्चो को आध्यात्मिक का पाठ पढाकर चरित्रवान, संस्कारवान एवं गुणवान बनाया जाता है ताकि ये जब युवा अवस्था में पहुंचे तो अपनी भूमिका को परख सके। बचपन से ही बच्चो को भक्ति, भाव एवं सेवा से जोडा जाता है। ज्ञात हो कि निरंकारी मिशन बच्चो में आध्यात्मिक गुणों के लिए जहां बाल संत समागम का आयोजन करता है वही बहनो में जागरुकता प्रदान करने के लिए महिला संत समागम एवं युवा भाई एवं बहनो के लिए युवा संत समागम के माध्यम से हर क्षेत्र में आध्यात्मिक विकास निरंकारी मिशन करता आ रहा है अगर हम समाज के क्षेत्र में देखे तो वृक्षारोपण, रक्तदान, सिलाई कढाई केन्द्र, नि:शुल्क उपचार केन्द्र, प्याउ लगाना, बाढ पीडित, भूकंप पीडितों की सहायता करना, साफ सफाई अभियान चलाना एवं प्राकृतिक आपदाओ में हमेशा तत्पर रहना आदि सामाजिक कार्य निरंकारी मिशन करता आ रहा है।

दिल्ली से पधारे विदवान प्रचारक महात्मा पंकज पोपली जी का तहेदिल से आभार जोनल इंचार्ज आदरणीय अशोक जुनेजा जी द्वारा किया गया एवं बाल सत्संग इंचार्ज बहन अनुराधा शेषाद्री जी एवं बहन दीपा मोटवानी जी द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस सम्पूर्ण बाल संत समागम की सुंदर व्यवस्था सेवादल के भाई बहनो द्वारा की गयी ।

# मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग क्लब ने आयोजित किया गीत संगीत कार्यक्रम

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग क्लब द्वारा पुराने सदाबहार गीतों का कार्यक्रम होटल सनशाइन में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन रामचंद सभनानी, संचालक, मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग क्लब एवं संस्थापक दाल आयल ग्रेन मरचेंट एसोसिएशन, चुनीलाल जेठानी उप संचालक,मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग क्लब, एवं सुरेश तनवानी उप संचालक,मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग क्लब ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश हिंगोरानी, पार्षद एवं एम आई सी सदस्य नगर निगम भोपाल। विशेष अतिथि कमल मनसुखानी ,संस्थापक अध्यक्ष,सिंधी सेवा संघ,संत हिरदाराम नगर,एवं वरिष्ठ पत्रकार, विशेष अतिथि जगदीश आसवानी,अध्यक्ष बोरवन क्लब एवं उपाध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर रहे। कार्यक्रम में बोरवन के गायक कलाकारों ने एवं अन्य कलाकारों ने अपनी अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। आयोजको द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा गायको को श्रेष्ठ गायन पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की एंकर रोशनी जी एवं मधु जी को बेस्ट एंकर का अवार्ड मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का स्वागत आयोजकों द्वारा शाल पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में रमेश जनियानी, महेश खटवानी,गुलाब जेठानी,नानक दादलानी एवं नगर के कई गणमान्य नागरिक एवं कई श्रोता उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा आयोजको को बधाई दी एवं ऐसे कार्यक्रम करते रहने के लिये उत्साह वर्धन किया एवं गायन को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। विशेष अतिथि कमल मनसुखानी ने उभरते हुए कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए आयोजको को बधाई दी। जगदीश आसवानी ने कलाकारों के गायन के लिये बोरवन पार्क में बन रहे हाल में व्यवस्था कराने के लिए कहा और ऐसे कार्यक्रम लगातार करने के लिएआयोजकों को बधाई दी। कमल मनसुखानी का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

## मिनाल अग्रवाल महिला समाज ने किया आयोजन



**भोपाल।** मिनाल अग्रवाल महिला समाज की मासिक किटी का आयोजन न्यू मिनाल रेसीडेंसी निवासी उर्मिल गुप्ता ने अपने आवास पर किया जो कि स्वच्छता प्रेमी और कबाड़ से जुगाड़ में निपुण और विभिन्न संस्थानों के द्वारा सम्मानित हैं। ऑरेंज थीम पर सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और बढ़चढ़कर का सामुहिक गेम्स में हिस्सा लिया। सदस्यों ने उनके द्वारा निर्मित कई व्यंजनों का आनंद लिया। अन्त में उर्मिल गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों को अपने द्वारा पैंट किए गए पोट पौधों के साथ उपहार स्वरूप प्रदान किए।

# बुद्धभूमि महाविहार चुनाभट्टी में 2 दिन मनेगा बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव



**भोपाल।** बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी ,कोलार रोड भोपाल में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ और राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के संयुक्त तत्वावधान मे तथागत भगवान बुद्ध की त्रिगुण पावन जन्म, बुद्धत्व और महापरिनिर्वाण, वैशाख बुद्ध पूर्णिमा, 4 एवं 5 मई को 2567वीं पवित्र बुद्ध जयंती समारोह-2023 के रूप मे आयोजन मनाया जा रहा हैं जिसकी तैयारिओ को पूर्ण रूप देने के लिए भव्य बैठक का आयोजन किया गया। इस वैशाख बुद्ध पूर्णिमा महापर्व को संपूर्ण विश्व के बौद्ध अनुयाई बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मानते हैं क्योंकि वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही सिद्धार्थ गौतम का जन्म शाक्यवंश के राजा शुद्धोधन की पत्नी रानी देवी महामाया से हुआ था। रानी महामाया ने लुम्बिनी वन के शालवृक्ष नीचे रमणीय प्राकृतिक वातावरण में सिद्धार्थ गौतम को जन्म दिया, इस वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही राजकुमार सिद्धार्थ गौतम 35 वर्ष के थे जब उन्होंने वैशाख पूर्णिमा के दिन बुद्धगया में बुद्धत्व (बोधिज्ञान) प्राप्त किया था। सिद्धार्थ गौतम निरंजना नदी के तट पर एक सुंदर बोधिवृक्ष पीपल की छाया के नीचे रात्री तीसरे प्रहार मे बुद्धत्व को प्राप्त हुए थे।

# संत हिरदाराम कॉलेज की छात्राएं निबंध प्रतियोगिता में पुरस्कृत



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को निबंध प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में ट्रैफिक पुलिस एवं कुंजल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महाविद्यालय के भाषा विभाग एवं साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 27 छात्रों ने भागीदारी की जिसमें प्रथम पुरस्कार प्रज्ञा गुप्ता द्वितीय पुरस्कार दीपिका इंडा, तृतीय पुरस्कार पूनम विश्वकर्मा को मिला। अन्य छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को सरकारी नीतियों एवं नियमों के निर्माण में सम्मिलित करना था। इसीलिए 'निबंध प्रतियोगिता का विषय था सुरक्षित एवं सुगम यातायात में जनता की भागीदारी। छात्राओं द्वारा लिखे गए निबंध को उनके शब्द संयोजन, नवीन विचार, भाषा, विषय से संबंद्धता के आधार पर चुना गया।

# ओजस वार्ष्णेय एआईआर 84 बने जेईई मेन 2023 में भोपाल टॉपर

**भोपाल।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन 2023) का परिणाम घोषित कर दिया है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) इस वर्ष 2 सत्रों में आयोजित की गई थी।

दो सत्रों के दो एनटीए स्कोर में से सर्वश्रेष्ठ को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों की रैंक जारी की गई है। एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन 2023 के परिणामों के साथ, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में भारत का प्रमुख संस्थान फिटजी निश्चित रूप से खुशी मनाने और जश्न मनाने का हकदार है।



भोपाल टॉपर ओजस वार्ष्णेय ने जेईई मेन 2023 में एआईआर 84 स्कोर किया। वह फिटजी भोपाल सेंटर में सुप्रीम 4 ईयर स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के छात्र हैं। ओजस ने मैथ्स और फिजिक्स में 100 एनटीए स्कोर हासिल किए हैं। अगला सर्वश्रेष्ठ रैंक निम्नलिखित छात्रों द्वारा प्राप्त किया गया है। सोहम सहस्त्रबुद्धे. एआईआर 436, विनायक वर्मा. एआईआर 928, आदित्य तिवारी. एआईआर 1094, परम सक्सेना .एआईआर 1508। लॉन्ग टर्म क्लासरूम प्रोग्राम्स से फिटजी भोपाल सेंटर के कुल 164 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड, 2023 के लिए क्वालीफाई किया है। यह पहली बार नहीं है जब फिटजी के छात्रों ने जेईई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साल दर साल राष्ट्रीय स्तर पर फिटजी के छात्रों की सफलता फैकल्टी की श्रेष्ठता और भारत के सबसे भरोसेमंद संस्थान के अद्वितीय पैटर्न.प्रूफ शिक्षण तौर.तरीकों को साबित करती है। सुमित श्रीवास्तव सेंटर हेड फिटजी भोपाल सेंटर कहते हैं यह फिटजी के लिए गर्व का क्षण है। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है। इस उपलब्धि पर सभी छात्रों और उनके माता.पिता को मेरी ओर से हार्दिक बधाई। अब अगला लक्ष्य जेईई ;एडवांस्ड में अच्छा रैंक हासिल करना है। फिटजी इस अहसास का फल था कि भारत में माध्यमिक शिक्षा प्रणाली इतनी अच्छी नहीं थी कि युवा दिमागों को विज्ञान शिक्षा की गहरी वैचारिक खोज के लिए प्रशिक्षित कर सके। यहां तक कि जो छात्र स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, वे अक्सर प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल हो जाते हैं, क्योंकि उनके पास एक अच्छा आईक्यू होने के बावजूद गहन वैचारिक समझ और विश्लेषणात्मक कौशल की कमी होती है। साल दर साल जेईई में हमारे छात्रों की सफलता इस बात की गवाही देती है कि पढ़ाने का हमारा अनूठा तरीका छात्रों में सर्वश्रेष्ठ लाने में सफल रहा है। हमें अपने छात्रों और फैकल्टी की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है ।

## भोपाल के आकाश बायजू के 6 छात्रों ने जेईई मेंस में 99 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए

**भोपाल।** इंदौर के आकाश बायजूस के 6 छात्रोंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2023 में कुल मिलाकर 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल कर अपने माता-पिता और संस्थान के पूरे स्टाफ को खुश कर दिया। परिणाम आज पहले राष्ट्रीय परीक्षण द्वारा घोषित किए गए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में अंकुश सिंह हैंजिन्होंने 99.62, ऋषिमा चतुर्वेदी ने 99.59, पुखराज मोटवानी ने 99.51, रिदम जैन ने 99.38, अंशराज धाकड़ ने 99.38 और वेदांतगुप्ता ने 99.23 अंक हासिल किए। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आइआइटी जेईई को क्रैक करने के लिए छात्र आकाश बायजू के क्लासरूम प्रोग्राममें शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट मेंअपने प्रवेश का श्रेय कॉन्सेप्ट को समझने और सीखने केकार्यक्रम का सख्ती से पालन किया । हम आभारी हैं किआकाश बायजू ने दोनों के साथ हमारी मदद की है। अन्यथा संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, हम कम समय मेंविभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते। छात्रों को बधाई देते हुए, श्री अभिषेक माहेश्वरी, मुख्य कार्यकारीअधिकारी, आकाश बायजूस ने कहा, हम सभी छात्रों को उनकेअनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। शीर्ष पर्सेंटाइलस्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पणके बारे में बताती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हेंशुभकामनाएं देते हैं।

जेईई (मेन) छात्रों को अपने स्कोर में सुधार करने के लिए कईअवसर देने के लिए दो सत्रों में आयोजित किया जाता है। जबकिजेईई एडवांस केवल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए है, जेईई मेन भारत में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीसंस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंगकॉलेजों में प्रवेश के लिए है। जेईई एडवांस में बैठने के लिए छात्रोंको जेईई मेन में शामिल होना पड़ता है

# मुख्यमंत्री, जिलाध्यक्ष ने पीपुल्स मॉल में 5 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम



## मन की बात बनी जन-जन की बातः सुमित पचौरी





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के पीपुल्स मॉल में लाड़ली बहना योजना की अभ्यार्थियों के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम सुना और कार्यक्रम के बाद उन्हें संबोधित भी किया।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात देश के जन-जन की बात है। यह एक सामाजिक आंदोलन और जनक्रांति बन गई है। प्रधानमंत्री की 'मन की बात' से बेहतर कार्य करने वाले अलग-अलग लोगों को समाज के सामने लाने का मौका मिला है। मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से अभिनंदन करता हूँ। स्वच्छता आंदोलन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल-संरक्षण जैसे समाज-सुधार के साधनों और वोकल फॉर लोकल जैसी गतिविधियों को मन की बात से प्रोत्साहन मिला है। लोग अपनी भावनाओं का प्रकटीकरण भी प्रधानमंत्री मोदी के सामने इस माध्यम से कर पाते हैं। देश में मन की बात ने सामाजिक क्रांति का शंखनाद किया है।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को भोपाल के भानपुर मंडल के बूथ क्रमांक 3 स्थित पीपुल्स मॉल में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं और 5 हजार से अधिक बहनों के साथ प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, पिछडा वर्ग मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश शासन के मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद सुप्रज्ञा सिंह ठाकुर, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने रविन्द्र भवन में स्वच्छता मित्रों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। तत्पश्चात उनका सम्मान भी किया। इसी प्रकार प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग नरेला विधानसभा में, विधायक रामेश्वर शर्मा सलैया चौराहा, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, सुरेन्द्रनाथ सिंह एवं झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक निखलेश मिश्रा चार इमली ऋषि नगर, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी भाजपा प्रदेश कार्यालय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी दक्षिण पश्चिम विधानसभा के बूथ क्रमांक 232, प्रदेश प्रवक्ता दुर्गेश केसवानी संमुख सत्संग हाल एडवोकेट कालोनी, सुनेहा बग्गा बुद्ध विहार दक्षिण पश्चिम विधानसभा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह 10 नं. मार्केट, आलोक संजर रेलवे कालोनी मंदिर, रामदयाल प्रजापति वार्ड क्र. 23 न्यू शास्त्री नगर एवं बीडीए अध्यक्ष कृष्णमोहन सोनी आयोजित मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। भोपाल जिले के विभिन्न बूथों पर पार्षदगण अपने वार्डो में बडी स्क्रीन लगाकर बूथ समितियों के साथ मन की बात कार्यक्रम शामिल हुए।

इसी प्रकार भोपाल की प्रत्येक विधानसभा में 100 से अधिक स्थानों पर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने बूथों पर पहुंचकर कार्यक्रम को सुना।

## परिवहन मंत्री राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं मन की बात



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद कार्यक्रम को सागर स्थित कार्यालय से राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

## राज्यपाल ने किया कैलाश मड़बैया को सम्मानित



भोपाल। राजभवन में विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित करने के क्रम में कवि पद्मश्री कैलाश मड़बैया को राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात के 100वें एपीसोड के उपलक्ष्य में विशेष विद्वानों को उनकी उपलब्धियों के लिये अभिनंदित किया गया। जिनमें 50 ग्रंथों के रचयिता कैलाश मड़बैया ऐसे ख्यातिलब्ध साहित्यकार हैं जिन्हें सर्वाधिक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार उनकी उत्कृष्ट साहित्य सर्जना को मिल चुके हैं। लोक साहित्य के कैलाश मड़बैया पुरोधा कवि माने जाते है।

## स्वास्थ शिविर का आयोजन



**भोपाल।** वीर सावरकर सामाजिक सांस्कृतिक एवं खेल सरंक्षण समिति द्वारा जनहित मे एक स्वास्थ शिविर का आयोजन योग एवं प्राकर्तिक चिकित्सा स्वास्थ कल्याण केन्द्र, खुशीलाल होम्यो पेथी कॉलेज के सहयोग से किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि कृति गुप्ता जिला मंत्री भाजपा थे। स्वास्थ शिविर मे डॉक्टर्स अनुपम मिश्रा, अविनाश मिश्रा, जितेंद्र स्वामी, विनोद, ज्योति मीना, रश्मि शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर स्पिक मैके ने नृत्य अनुबोध का आयोजन किया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कई तरह के नृत्य, अलग-अलग संगीत, अभिनय और अंग संचालन से मिलकर बनता है बैले। बैले दरअसल नृत्य और नाट्य का एक समन्वित रूप है जिसकी शुरुआत यूरोप में नवजागरण काल से हुई। ये बात रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप की अध्यक्ष निरूपा जोशी ने स्पिक मैके टीम के नृत्य अनुबोध में कही। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर स्पिक मैके द्वारा नृत्य अनुबोध का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के दल ने शहर की दो प्रमुख संस्थाओं रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप और चक्रधर नृत्य केंद्र के कलाकारों, शिष्याओं और गुरुओं से बातकर बैले और नृत्य की बारीकियों, जटिलता और विविधता को समझा। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस सन 1982 से आधुनिक बैले के जनक जीन जॉर्ज नोवरे की स्मृति में मनाया जाता है जो 18वीं सदी के प्रसिद्ध फ़्रांसीसी नर्तक थे।रंगश्री ने 70 साल से ज़्यादा लम्बी यात्रा में 37 बैले तैयार किये हैं जिनका प्रदर्शन 36 देशों में होचुका है। सबसे पहला बैले रामायण पर केंद्रित था जिसे 1964 संगीत नाटक अकादमी ने सदी के उत्कृष्ट बैले के ख़िताब से सम्मानित किया।

## स्व. मांडवी चौहान की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीमती मांडवी चौहान की दूसरी पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में कांग्रेसजनों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया गया। कांग्रेसजनों ने दो मिनिट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मप्र महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने स्वर्गीय मांडवी चौहान का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर महिलाओं को शक्ति दी थी, कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री श्रीमती प्रियंका गांधी के 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' नारे को एक अभियान की तरह चलाकर महिलाओं, युवतियों में जागृति पैदा करने का काम किया साथ ही कांग्रेस पार्टी में महिलाओं का सशक्त और मजबूत संगठन बनाकर प्रदेश भर में नारी शक्ति को मजबूत किया। कई आंदोलनों में दृढ़ता से सबसे आगे खड़े होकर महिलाओं के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी। जिस तरह एक यौद्धा युद्ध में वीरगति प्राप्त कर शहीद हो जाता है, उसी तरह हमारी बहन मांडवी जी भी चुनावी समर में अपने कर्तव्यों का पालन करते-करते शहीद हो गई। कोराना कॉल में उनकी इस असामायिक मृत्यु से सभी स्तब्ध हैं। उनकी कमी आज भी हम सभी को हमेशा महसूस होती है। उनकी शहादत को कांग्रेस पार्टी नमन करती है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी सर्वश्री राजीव सिंह, चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन, के.के. मिश्रा, जे.पी. धनोपिया, गुरमीत सिंह मंगू, कैलाश मिश्रा, अवनीश भार्गव, राजकुमार सिंह, जितेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र सिंह बघेल, अवनीश बुंदेला, अभिनव बरोलिया, आनंद जाट, शहरयार खान, रवि वर्मा, अपराजिता पाण्डेय, मिथुन सिंह अहिरवार, शिवम शुक्ला, उदयप्रताप सिंह, ललित कर्नानी, चंद्रा सवर्टे, सीताराम यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सरकार से गेहूं का समर्थन मुल्य बढ़ाने किसानों के बीच पहुंच रहे जीतू पटवारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कांग्रेस विधायक पूर्व मंत्री जीतू पटवारी देवास शाजापुर दौरे पर लगातार प्रदेश के किसानों को अलग-अलग जगह हमेशा से यह कहते नजर आ रहे हैं कि सरकार से गेहूं के दाम का समर्थन मूल्य 3,000 प्रति क्विंटल करने के लिए वह एकजुट हो जाए। इसी बीच रविवार को जीतू पटवारी का अनोखा अंदाज दिखाई दिया। उन्होंने मालवी भाषा में किसानों को संबोधित करते हुए बोले कि भाजपा के विधायकों और नेताओं से यह भी कह दिया कि जो भी भाजपा के नेता किसान हैं, वह यह जान लें कि यदि गेहूं के दाम बढ़े तो उनके भी दाम बढ़ जाएंगे। शादी में तुम मामेरा में पतला नहीं मोटा टॉवेल लेकर जाओगे तो तुम्हारी भी इज्जत बढ़ेगी।

रविवार को जीतू पटवारी इंदौर के समीप कुछ ग्रामीण इलाकों के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने अनोखे अंदाज में मालवी भाषा में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी भी एकजुट हो जाएं, क्योंकि जिस तरह से बारिश कच्ची फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रही है। यदि पक्की फसल गेहूं के दाम 3000 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य सरकार नहीं करती तो किसानों को भारी नुकसान होगा। देखा गया है कि प्याज लहसुन और आलू की फसल हर वर्ष खराब हो रही है।

वर्तमान में प्याज 5 रुपए प्रति किलो के भाव से भी कोई मंडी में खरीदने को तैयार नहीं है। यदि ऐसा

## सीताराम नाम जप महायज्ञ में राजस्व एवं परिवहन मंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया मेले भ्रमण



**भोपाल।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजघाट स्थित माँ शारदा देवी मंदिर प्रागण में चल रहे विश्व कल्याण हेतु श्री सीताराम नाम जप 1008 कुण्डीय महायज्ञ में शनिवार को प्रात: 5 बजे रूद्र अभिषेक किया गया। बनारस के आचार्य धीरेन्द्र मनीषी ने बताया कि सुता अभिषेक करने से घर में, कुटुम खानदान में किसी प्रकार के रोग, बीमारी नहीं आती है। असमय मृत्यु नहीं होती है इसका वेदों में उल्लेख है। श्री सीताराम नाम जप में राजस्व एवं परिवहन मंत्री एवं सभी यजमानों द्वारा शिवजी का सुता अभिषेक किया गया तत्पश्चात रामायण श्लोकों द्वारा यज्ञ शाला में आचार्य धीरेन्द्र मनीषी द्वारा वनवास गये प्रभु श्री राम का वृतान्त बताया गया। जिसमें मायावी सूर्पण्खा द्वारा राम पर मोहित होने कि तथा लक्ष्मण द्वारा सूर्पण्खा की नाक काटने का वृतान्त सुनाया गया। आचार्य धीरेन्द्र मनीषी ने बताया कि वन में किस तरह मायावी रावण ने सीताजी का हरण किया। मंत्र उच्चारणों से आहुतियां दिलाई गई। श्री आचार्य धीरेंद्र मनीषी ने कहा कि सीता नवमी के अवसर पर सभी माताओं द्वारा सीताराम नाम जप महायज्ञ में लक्ष्मी जी की पूजा की जायेगी जिसमें काजू तथा कमल पुष्पों से उनका पूजन पूर्ण विधि विधान से किया जायेगा। आचार्य धीरेन्द्र मनीषी ने कहा कि धैर्य शौर्य तथा स्वाभिमान तथा सर्मपण की देवी जगतजननी सीता के तप और त्याग का रामायण में उल्लेख है कि किस तरह उन्होंने अपने पुत्री, पत्नि तथा माता के धर्म को निभाया है। यज्ञ शाला में पूर्ण आहुति के बाद राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं उनकी धर्म पत्नि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता सिंह राजपूत, अरविंद सिंह टिंकू राजा तथा उनकी धर्मपत्नि सहित सभी यजमानों ने गुरू जी की आरती की।

## प्रोफेशनल और ऑफिशियल लाइफ अलग हैः केजी सुरेश

**भोपाल ।** प्रोफेशनल एवं ऑफिशियल लाइफ दोनों अलग-अलग है । दोनों में बेलेंस बनाकर रखना जरुरी है । ये कहना है माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो(डॉ)केजी सुरेश का। विश्वविद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य संसद 2023 के समापन समारोह में सभापति के रुप में अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पर्सनल लाइफ में अपने शरीर एवं अपने परिवार दोनों को भी समय देना चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पत्रकारिता साक्ष्यों, सबूतों के आधार पर ही करें। पूर्व डीजीपी एवं उपसभापति एस.के. राउत ने तीन दिनों की स्वास्थ्य संसद की सराहना एवं प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हर स्कूल एवं कॉलेज में किए जाने चाहिए । समापन समारोह में वरिष्ठ सामाजिक चिंतक मोहन ढकोनिया ने देश की आजादी एवं उस दौर की पत्रकारिता की बात करते हुए कहा कि पत्रकारों को गांव एवं कस्बे तक की खबरें भी जरुर करना चाहिए । जीएसटी के संयुक्त आयुक्त श्री सचिन कुमार सिंह ने जन औषधि योजना के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने कहा कि मीडिया को संवाद सेतु के रुप में सहभागिता के साथ कार्य करना चाहिए । अपने वक्तव्य में उन्होंने रिसर्च बेस्ड पत्रकारिता करने की बात भी कही । भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव डॉ. आलोक मिश्र ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के लिए कम से कम एक घंटा जरुर देना चाहिए । उन्होंने ध्यान, योग आदि करने की बात करते हुए कहा कि एकाग्र मन से ही सब कुछ पाया जा सकता है । इससे पहले प्रथम सत्र में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न राज्यों की स्वास्थ्य स्थिति पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया ।

## एम्स में स्टोमा केयर क्लिनिक की शुरुआत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कोलोस्टॉमी एक सर्जिकल प्रक्रिया है जिसमें आंत के एक हिस्से को डायवर्ट कर दिया जाता है और स्टोमा बनाने के लिए पेट की सतह पर लाया जाता है । स्टोमा एक छोटा छिद्र होता है जिसके माध्यम से अपशिष्ट उत्पाद शरीर से बाहर निकल जाते हैं और बाहर एक विशेष थैली में एकत्र हो जाते हैं ।

जनरल सर्जरी विभाग द्वारा आज एम्स भोपाल में स्टोमा केयर पर एक सीएमई कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए एफएमटी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अरनीत अरोरा ने कहा कि स्टोमा रोगियों को सर्जनों, नर्सिंग अधिकारियों और स्टोमा थेरेपिस्ट की एक टीम द्वारा प्रदान की जाने वाली बहु-विषयक देखभाल की आवश्यकता होती है। यह सीएमई और कार्यशाला हमारे प्रशिक्षु रेजिडेंट डॉक्टरों, स्नातक छात्रों और नर्सिंग अधिकारियों के ज्ञान और सर्जिकल कौशल को बढ़ाने में उपयोगी होगी। जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ प्रदीप सक्सेना ने कहा कि यह कार्यशाला विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और रोगियों को एक साथ आने और स्टोमा केयर प्रबंधन में तकनीक और अपडेट सीखने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।


कोलोप्लास्ट अकादमी के राष्ट्रीय नैदानिक प्रबंधक डॉ. भास्कर आज़ाद ने अपने परिचयात्मक नोट में स्टोमा केयर में अपडेट पर एक सिंहावलोकन दिया और स्टोमा के रोगियों के लिए अनुकूलित देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएमई/कार्यशाला में रेजिडेंट सर्जन, स्नातक छात्रों और नर्सिंग अधिकारियों सहित 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जनरल सर्जरी विभाग के तहत एम्स अस्पताल में शुरू किए गए स्टोमा केयर क्लिनिक का उद्घाटन भी कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय सिंह की ओर से प्रोफेसर अरनीत अरोरा ने किया। प्रोफेसर अरनीत ने कहा कि कोलोस्टॉमी के रोगियों को अपने जीवन की गुणवत्ता और स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए विशेष देखभाल, सहायता और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है । उन्होंने एम्स भोपाल में स्टोमा केयर क्लिनिक की शुरुआत के लिए जनरल सर्जरी विभाग को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## षडयंत्र पूर्वक पद का दुरूप्रयोग कर भ्रष्टाचार करने वाले को सजा

**भोपाल। जिला न्यायालय के** जनसंपर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि 29/04/2023 विशेष न्यायालय राजीव के पाल, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के द्वारा आरोपियो विजेन्द्र कौशल, राधेश्याम गर्ग, हुकुमचन्द्र सिंघई, लक्ष्मण वाधवानी को धारा 420, 467, 471 120-बी भादवि 13-1 (डी) सहपठित 13(2) पीसी एक्ट में दोष सिद्ध पाते हुये आरोपीगण विजेन्द्र कौशल, राधेश्याम गर्ग एवं हुकुमचन्द्र सिंघई को धारा 420 सहपठित धारा 120-बी भादवि मे 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 अर्थदण्ड, धारा 467 भादवि मे 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 अर्थदण्ड, धारा 471 भादवि मे 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 अर्थदण्ड, धारा 13-1(डी) सहपठित 13(2) पीसी एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000रू अर्थदण्ड, (प्रत्येक आरोपी को), आरोपी लक्ष्मण वाधवानी धारा 420 सहपठित धारा 120-बी भादवि मे 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 अर्थदण्ड, से दंडित का निर्णय पारित किया है । उक्त प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमलता कुशवाहा एवं ऋषिराज द्विवेदी द्वारा पैरवी की गई है। घटना के अनुसार ग्राम बगौनिया, कल्याणपुर के ग्रामवासियो द्वारा भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प पर हस्ताक्षरित लिखित शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत की गई कि जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक मर्यादित भोपाल अधिकारियो द्वारा ग्राम कोलुआ कंला, राताताल, ग्राम बगौनिया, ग्राम कल्याणपुर में बैंक अधिनियम 1999 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया।

## सम्पादकीय

# यशस्वी क्रिकेटर...



एक गोलगप्पे बेचने वाला लड़का आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोरर बन जाता है, तो ये केवल भाग्य का मामला ही नहीं है। उसकी लगन और मेहनत के साथ ही उसे मिले सही मार्गदर्शन का भी है। राजस्थान के लिए खेल रहे यशस्वी की कहानी काफी रोमांचक भी है और अनुकरणीय भी।

कल आईपीएल का मैच चल रहा था। राजस्थान के लिए पारी की शुरुआत करने वाला यशस्वी अंतिम ओवर में आउट हुआ। 62 गेंदों का सामना किया और 124 रन बनाए। इस पारी में उसके बल्ले से 16 चौके और आठ छक्के निकले। उसकी शानदार पारी के चलते राजस्थान की टीम ने 212 रन का स्कोर खड़ा किया। यह बात और है कि गेंदबाज इस लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके और टीम जीत नहीं सकी, लेकिन यशस्वी ने अपनी पारी से सभी का दिल जीत लिया।

यशस्वी जायसवाल के क्रिकेटर बनने और आईपीएल खेलने तक का सफर भी दिल जीत लेने वाला है। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पैदा हुए यशस्वी का बचपन बेहद गरीबी में बीता है, पर हौसलों में कमी नहीं थी। मात्र 11 साल की उम्र में यशस्वी क्रिकेटर बनने के लिए मुंबई पहुंचता है। वहां उसके लिए सबकुछ आसान नहीं था। मुंबई जैसे बड़े शहर में कौन किसे जानता है और कौन किसकी मदद कर पाता है।

मुंबई में पेट भरने के लिए उसने आजाद मैदान में राम लीला के दौरान गोलगप्पे और फल बेचने का काम शुरू किया। कई बार खाली पेट भी सोना पड़ता था। डेयरी में भी काम किया। वहां से एक दिन उसे नौकरी से निकाल दिया गया। पर वह क्रिकेट का अभ्यास करता रहा। इस दौरान क्लब ने यशस्वी को मदद की पेशकश की, लेकिन उनके सामने यह शर्त रखी गई कि अच्छा खेलोगे तभी टेंट में रहने की जगह दी जाएगी। टेंट में यशस्वी ने रोटी बनाने का काम भी किया। वहां उसे दोपहर और रात में खाना मिल जाता था।

यशस्वी ने रुये कमाने के लिए गेंद खोजने का भी काम किया। आजाद मैदान में अक्सर गेंद खो जाती थी। उसे खोजने पर यशस्वी को रुपये मिलते थे। एक दिन यशस्वी के ऊपर कोच ज्वाला सिंह की नजर पड़ी। यशस्वी की तरह ज्वाला भी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को निखारा। यशस्वी हमेशा ज्वाला सिंह की तारीफ करता है। वह कहता है, मैं उनका गोद लिया हुआ बेटा हूं। मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने में उनका अहम योगदान है।

यशस्वी ने घरेलू क्रिकेट में महज 17 साल की उम्र में यूथ वनडे में दोहरा शतक ठोककर तहलका मचा दिया था। 2020 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में उसने शानदार प्रदर्शन किया था। यशस्वी ने एक शतक और चार अर्धशतक लगाए था। उसने छह मैच की छह पारियों में 400 रन बनाए थे। उसका औसत 133.33 का रहा था। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए यशस्वी को अंडर-19 वर्ल्ड कप में मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला था।

अभी तो आईपीएल एक मुकाम है। एक मामूली शहर से निकला यह युवा खिलाड़ी के सामने बहुत बड़ा भविष्य पड़ा है। परंतु अपनी लगन और मेहनत से वह तमाम युवाओं और किशोरों के लिए उदाहरण बन गया है। हां, किसी भी उपलब्धि पर बहुत अधिक खुश होने के बजाय और नए आयाम तय करने का लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पाने की कोशिश करेगा तो यशस्वी भी गावस्कर, तेंदुलकर, विराट, धोनी, रोहित जैसे खिलाड़ियों की कतार में शामिल हो सकता है। उसकी मेहनत और लगन को सलाम, सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# जावद से दिग्विजय सिंह को मिला कांग्रेस की हार का असल कारण

**सुरेश तिवारी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय



सिंह इन दिनों राजनीतिक यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा का मकसद कांग्रेस की उन 66 सीटों पर पार्टी की लगातार हार के कारणों को खोजना और वहां पार्टी की जीत के लिए आधार तय करना है। अभी तक उन्होंने कई जिलों की उन विधानसभा सीटों का दौरा कर लिया, जहां कांग्रेस 3 से 5 चुनाव हारती रही है।

बताते हैं कि दिग्विजय सिंह को इस राजनीतिक यात्रा के दौरान हारी सीटों पर कई मुखर कार्यकर्ताओं ने बताया कि कांग्रेस कहीं से कमजोर नहीं हैं। लेकिन, उसकी हार का कारण पार्टी अंदर है, बाहर नहीं। हर सीट पर सेबोटेज होता है। कभी पार्टी के उम्मीदवार के सामने निर्दलीय खड़े कर दिए जाते हैं, कभी ऐसी स्थितियां निर्मित कर दी जाती है कि पार्टी का उम्मीदवार हार जाता है। कई जगह तो कार्यकर्ताओं ने खुलकर नहीं बोला, लेकिन इशारों में अपनी बात बताई। लेकिन, नीमच के जावद में कार्यकर्ताओं ने साफ़ कहा कि इस सीट को हम क्यों हारते रहे हैं।

जावद के कार्यकर्ताओं ने जो कारण बताएं वो इतने पुख्ता थे कि दिग्विजय सिंह को भी लगा यह समस्या सिर्फ जावद की नहीं, हर जगह की है। यहां दो नेताओं की आपसी खींचतान से कांग्रेस लगातार हारती रही है। यही कारण था कि दिग्विजय सिंह ने बैठक में ही जावद विधानसभा इलाके के सत्यनारायण पाटीदार और राजकुमार अहीर को सबके सामने बुलाया और घोषणा करवाई कि चुनाव में कोई भी उम्मीदवार हो, वे पार्टी के खिलाफ काम नहीं करेंगे।

ज्यादातर कार्यकर्ताओं ने बताया कि दो बड़े स्थानीय नेताओं के आपसी झगड़ों के कारण पार्टी हारती रही है। वरना, जावद में कांग्रेस कमजोर नहीं है। कार्यकर्ताओं की सलाह पर ही दिग्विजय ने इन नेताओं को बुलाया और निर्देश दिए। दोनों नेताओं ने विश्वास दिलाया कि उम्मीदवार कोई भी हो, वे निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ेंगे और पार्टी के लिए काम करेंगे। अब चुनाव का नतीजा बताएगा कि दिग्विजय सिंह की सलाह ने काम किया या नहीं!

**भाजपा नेताओं का दर्द, कविता पाटीदार को आखिर इतने पद क्यों?**

भारतीय जनता पार्टी में एक ही महिला नेता कविता



पाटीदार को कई पदों से नवाज़ने को लेकर इंदौर के भाजपा नेताओं में दर्द है। उन्हें आगे बढ़ाए जाने को लेकर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को आपत्ति भी है। कहा जा रहा है कि वे स्व भेरूलाल पाटीदार की बेटी है, इसके अलावा उनकी जमीनी पकड़ क्या है! उनके पास कौन से समर्थकों की फ़ौज है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जब इंदौर आए थे तब रूठे नेताओं को मनाने की पार्टी की मुहिम में भी इशारों में ये बात सामने आई थी।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि उनकी राजनीति योग्यताओं को अभी तक परखा तक नहीं गया है। यहाँ तक कि उन्होंने कोई बड़ा चुनाव नहीं लड़ा और न जीता। फिर भी वे राज्यसभा में भेज दी गईं। वे भाजपा संगठन में प्रदेश महामंत्री भी हैं। जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी है। पहले भी प्रदेश की संगठन मंत्री थी। कई मामलों में पार्टी उनका नाम आगे बढ़ाती रहती है। कविता पाटीदार के पिता स्व भेरुलाल पाटीदार पूर्व में भाजपा सरकार में प्रभावशाली मंत्री रह चुके हैं। कहा जा सकता है कि उनके नाम का फायदा ही इन्हें मिल रहा है।

हमेशा तर्क दिया जाता है, कि वे ओबीसी हैं और महिला हैं, पार्टी को इसका फायदा मिल रहा है। लेकिन, ऐसा कुछ दिखाई नहीं देता कि उनको इतने पदों से नवाजने के बाद भी कहीं से कोई बड़ा फायदा दिखाई दिया हो। पार्टी में महिला नेताओं की कमी नहीं है। लेकिन, उपलब्धियों के सारे तमगे एक ही महिला के गले में डालने का कारण कोई समझ नहीं पा रहा!

**मीडिया प्रभारी को हटाया, अब दर्जनभर अध्यक्ष हटेंगे**

विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी संगठन में कई बड़े फेरबदल कर रही है। जिस तरह से उलटफेर किया जा रहा है, अभी समझा जा सकता है कि यह काम पूरा नहीं हुआ। अभी भी एक दर्जन से ज्यादा जिलों के भाजपा अध्यक्षों को उनकी निष्क्रियता के कारण बदला जाना बाकी है। यह निष्क्रिय अध्यक्ष कौन हैं, इसकी रिपोर्ट संगठन को मिल चुकी है और बहुत जल्द इन पर कार्रवाई की जाएगी।

लेकिन इस फेरबदल की श्रृंखला में सबसे महत्वपूर्ण था भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर को हटाया जाना। उन्हें इस महत्वपूर्ण पद से हटाकर संगठन में एक सामान्य सा मंत्री बनाया गया है। दरअसल, भाजपा की ये अपनी स्टाइल है कि वो किसी को पद से हटाकर उसे खुला नहीं छोड़ती, बल्कि उसे कोई छोटा पद देकर इंगेज रखा जाता हैं।

वही लोकेंद्र पाराशर के साथ भी हुआ। अनुमान लगाने वाले यह भी कह रहे हैं लोकेंद्र पाराशर ग्वालियर-चंबल संभाग की भितरवार विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के मूड में है। लेकिन, पार्टी की अंदरूनी खबरें इसका समर्थन नहीं कर रही। उनका कहना है लोकेंद्र पाराशर को फिलहाल तो यह चांस मिलने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। पार्टी में नाम का मंत्री पद देकर उन्हें साइडलाइन कर दिया गया है। चर्चा है कि पाराशर के बाद पार्टी के उन मीडिया प्रवक्ताओं को भी बदला जाएगा, जो नाम के लिए यह पद लेकर बैठे हैं।

**आने वाली है आईएएस तबादला सूची, सबसे ज्यादा इंदौर होगा प्रभावित**



मध्य प्रदेश के प्रशासनिक गलियारों में इन दिनों इस बात की चर्चा है कि जल्द ही आईएएस अधिकारियों की एक और तबादला सूची आने वाली है। इस सूची में दो कमिश्नर के साथ ही मंत्रालय स्तर पर भी फेरबदल की चर्चा है। संभावना है कि इस लिस्ट में पश्चिम मध्य प्रदेश विशेषकर इंदौर के कई आईएएस अधिकारी प्रभावित होंगे।

इनमें इंदौर के संभागीय कमिश्नर पवन शर्मा के अलावा इंदौर के 2-3 आईएएस एडीएम भी अन्यत्र भेजे जा सकते हैं। इंदौर के संभागीय कमिश्नर के लिए इंदौर में ही पदस्थ एक विभाग के कमिश्नर के नाम की चर्चा चल रही है। उज्जैन के कमिश्नर के तबादले की भी चर्चा है। बताया गया है कि ये सभी वे अधिकारी हैं जिनका कार्यकाल विधानसभा चुनाव तक एक ही स्थान पर 3 वर्ष से ज्यादा हो गया है या हो जाएगा।

**मंत्रिमंडल फेरबदल और विस्तार की सुगबुगाहट**

मध्यप्रदेश में इन दिनों मंत्रिमंडल फेरबदल और विस्तार की चर्चा जोरों पर है। माना जा रहा है कि इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित सिंधिया गुट के मंत्री हो सकते हैं। भाजपा द्वारा कराए गए अंदरूनी सर्वे में पता चला है कि तुलसी सिलावट को छोड़कर छह मंत्रियों का



परफॉर्मेंस और रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई है।

माना जा रहा है कि सबसे पहले इन मंत्रियों पर गाज गिर सकती है। इसके अलावा कुछ और मंत्री भी हैं जिन्हें हटाया जा सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल इसी महीने हो सकता है।

**इन दिनों फिर चर्चा में है आईएएस नियाज़ खान**

मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस नियाज खान जो भी करते हैं अनोखा ही करते हैं। वे चर्चा में तब आए जब उन्होंने 'द कश्मीर फाइल्स' की जमकर धुलाई की थी। तब उन पर सोशल मीडिया के जरिए कई तरह के कमेंट किए गए। लेकिन, उन्होंने अंग्रेजी में 'द ग्रेट ब्राह्मण' किताब लिखकर सबका मुंह बंद कर दिया। अब इसी किताब का हिंदी संस्करण भी जल्द आने वाला है।



हाल ही में नियाज खान ने बिना कोई संदर्भ के एक ट्वीट किया जिसमें लिखा है ज'मैंने पाया कि ब्राह्मण सबसे बहादुर लोग होते हैं। यदि वह ईमानदार, धार्मिक और न्याय के साथ खड़ा होता है तो वह सकौटिल्य बन जाता है। यदि ब्राह्मण डरता है, तो इसका मतलब है कि उसने भगवान ब्रह्मा द्वारा दिखाए गए मार्ग को छोड़ दिया है। अत: ब्राह्मणों को हमेशा ईमानदारी और सच्चाई के साथ रहना चाहिए। वे रोल मॉडल हो सकते हैं।

नियाज खान पिछले साल काफी विवादों में रहे, जब उन्होंने 'द कश्मीर फाइल्स' की रिलीज के समय उसके निर्देशक विवेक अग्निहोत्री के साथ ट्विटर पर शास्त्रार्थ किया था। इस मामले में विवाद इतना बढ़ा था कि प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने भी नियाज खान को नसीहत दी थी और शासन ने नियाज़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

**6 साल बाद नॉन आईपीएस अधिकारी बना एसपी**



मध्यप्रदेश में 6 साल बाद पहली बार ऐसा हो रहा है जब नॉन आईपीएस अधिकारी को एक जिले की कमान सौंपी गई है। राज्य पुलिस सेवा के 1996 बैच के ये भाग्यशाली अफसर हैं मनीष खत्री, जिन्हें भिंड का एसपी बनाया गया है। बताया गया है कि मनीष खत्री को शासन ने कोई ढाई दर्जन से ज्यादा आईपीएस अफसरों को बायपास कर एसपी बनाया हैं। यह सभी अफसर कई सालों से आईपीएस है जिनमें 11 आईपीएस अफसर पुलिस मुख्यालय में बतौर एआईजी और शेष 20 से ज्यादा आईपीएस अफसर कमांडेंट के तौर पर पदस्थ हैं।

बताया गया है कि कल 2 मई को होने वाली डीपीसी में मनीष खत्री को आईपीएस अवार्ड हो जाएगा। मनीष खत्री के साथ ही राज्य पुलिस सेवा के 1996 बैच के कुछ और अधिकारी हैं जिन्हें आईपीएस अवार्ड हो जाएगा, जिनमें विनोद कुमार सिंह गुना, देवेंद्र पाटीदार धार, सुंदर सिंह कनेश नीमच और रायसिंह नरवरिया मुरैना जिले में एडिशनल एसपी के पद पर पदस्थ हैं।

**दिल्ली की दो घटनाओं के चर्चे खूब रहे**

केंद्र के सत्ता के गलियारों में बीते सप्ताह दिल्ली की दो घटनाओं के चर्चे खूब रहे। पहली चर्चा पहलवानों के धरना और उस पर चल रही राजनीति को लेकर रही। उत्सुकता इस बात को लेकर ज्यादा रही कि आखिर ऐसी क्या बात हुई कि पहलवानों को चार महीने के अंदर ही दोबारा आंदोलन शुरू करना पडा।

बताया तो यह भी जा रहा है कि यह सारी कवायद हरियाणा के एक खास को अध्यक्ष बनाने की है। बहरहाल, अब बात दूसरे मुद्दे की। दिल्ली के मुख्यमंत्री



अरविंद केजरीवाल के मकान की मरम्मत और पर्दो की खरीद का ब्यौरा सामने आते ही गलियारों में तरह तरह की चर्चा चली। हालांकि उप राज्यपाल ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं, लेकिन चर्चाओ का दौर फिलहाल जारी है।


**केंद्र मे एक नव नियुक्त सचिव को लेकर विवाद**

केंद्र मे एक नव नियुक्त सचिव को लेकर अच्छा खासा विवाद शुरू हो गया है। न्यायालय के आदेश को गंभीरता से न लेने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल इस अधिकारी पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। उस समय यह अधिकारी एएसआई के महानिदेशक पद पर तैनात थी। पिछले हफ्ते इस आईएएस अधिकारी को एक मंत्रालय का सचिव बना दिया गया।

# राज-काज: कभी भी मुसीबत में फंस सकते हैं पंडित धीरेंद्र शास्त्री

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

छतरपुर जिले स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री कभी भी मुसीबत मोल ले सकते हैं,



ऐसा अकेले हम नहीं उनके अनन्य भक्त भी कहने लगे हैं। शास्त्री ऐसे आचार्य हैं, जिन्होंने कम उम्र और कम समय में सोहरत की बुलंदियों को छुआ है। लाखों लोग उनके मुरीद हैं। पर चर्चा में रहने की भूख के कारण वे अपना और श्रद्धालुओं का नुकसान करने की ओर अग्रसर हैं। उनकी वाकपटुता के भी अधिकांश लोग कायल हैं, यह अब बड़बोलेपन में बदल रही है। शिखर पर पहुंच रहे शास्त्री में अहंकार अंकुरित होने लगा है, तभी वे किसी को भी चुनौती दे देते हैं। किसी को भी अपमानित कर देते हैं। पहले उन्होंने संत तुकाराम के बारे में बोलकर उनके अनुयायियों को क्रोधित किया, अब सहस्त्रबाहु पर टिप्पणी कर कलचुरी समाज को।

संत तुकाराम को लेकर बवाल मचा तो उन्होंने यह कह कर खेद जताया कि उन्होंने एक कहानी सुनाई थी लेकिन उससे किसी को ठेस पहुंची है तो वे क्षमा मांगते हैं। यही उन्होंने हय हय क्षत्रिय समाज के गुस्से को शांत करने के लिए किया। सवाल है कि इतनी ख्याति अर्जित कर चुके शास्त्री के मुख से नपे-तुले शब्द नहीं निकलने चाहिए? क्या उन्हें बेवजह ज्यादा बोलने की अपनी आदत में सुधार नहीं करना चाहिए? यदि उन्होंने ऐसा न किया तो वे कभी भी बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। शिखर पर पहुंचे कई धमार्चार्य इसके उदाहरण हैं।

**राजनीति के गिरते स्तर का प्रतीक 'कोरोना वायरस**



कोरोना वायरस अब राजनीति के मैदान में है। जब राजनीति में नैतिकता, मयार्दा और चरित्र का कोई स्थान नहीं है तो 'कोरोना वायरस' भी क्यों पीछे रहे। लिहाजा, राजा-महाराजा अर्थात दिग्विजय सिंह एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच आरोप प्रत्यारोप के दौरान एक स्वामी भक्त ने 'कोरोना वायरस' की एंट्री करा दी। सिंधिया के खास सिपहसलार तुलसी सिलावट ने दिग्विजय को 'कोरोना वायरस' ही कह डाला।

उन्होंने कहा कि दिग्विजय कांग्रेस और मप्र के लिए 'कोरोना वायरस' साबित हुए हैं। जवाब दिग्विजय ने भी दिया। उन्होंने कहा कि हां मैं 'कोरोना वायरस' हूं लेकिन भाजपा और आरएसएस के लिए। अब बारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की थी, वे भी लड़ाई में कूद गए। उन्होंने कहा कि दिग्विजय ने खुद ही स्वीकार कर लिया कि वे 'कोरोना वायरस' हैं। चौहान ने कहा कि दिग्विजय और कमलनाथ दोनों ने मप्र को 'कोरोना वायरस' की तरह नुकसान पहुंचाया है। शिवराज ने यह भी बताया कि किस तरह भाजपा सरकार ने कोरोना पर काबू पाया। सवाल यह है कि क्या किसी ऐसे राजनेता जो 10 साल तक प्रदेश का मुख्यमंत्री रहा हो, उसे 'कोरोना वायरस' कहना स्वस्थ राजनीतिक बहस का हिस्सा है? क्या राजनीति में चरित्र, मयार्दा और नैतिकता को पूरी तरह से तिलांजलि दे दी जाना चाहिए? यह सभी के सोचने



का विषय है।

**विधायकों के मोह भंग से सकते में रणनीतिकार**

भाजपा के रणनीतिकार पार्टी नेताओं, विधायकों की नाराजगी की खबरों से सबसे ज्यादा परेशान हैं। हर प्रमुख बैठक में इस बात पर मंथन होता है कि कैसे इस नाराजगी को दूर किया जाए। पार्टी के दिग्गज नेताओं को इसकी जवाबदारी सौंपी गई है फिर भी असंतुष्टों को मनाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है। ताज्जुब की बात यह है कि पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक भाजपा ही भाजपा है, बावजूद इसके भाजपा के विधायकों का पार्टी से मोह भंग थमने का नाम नहीं ले रहा है। विंध्य अंचल में पहले से पार्टी की हालत खस्ता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक का दौरा हो चुका है, फिर भी नारायण त्रिपाठी अलग पार्टी का झंडा थामे खड़े हैं। भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा इस कदर नाराज हैं कि उन्होंने पहले खुद को जान का खतरा बताते हुए कहा कि मैरी हत्या हो सकती है, इसके बाद नाराज होकर अपनी सुरक्षा लौटाने का ऐलान कर दिया। पार्टी के पूर्व विधायक और अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत ने बगावती तेवर अख्तियार कर रखे हैं। उन्हें सिंधिया के साथ भाजपा में आए एक मंत्री से नाराजगी है। इनके अलावा भी कई विधायक और पूर्व विधायक अभी से टिकट कटने की आशंका में कांग्रेस सहित दूसरे दलों में अपनी संभावनाएं तलाशने लगे हैं। इनके पास अब भीम आर्मी, जयस, सपा और बसपा जैसे विकल्प भी हैं।

**पहले ही लिख गई थी सिद्धार्थ की वापसी की पटकथा**

भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री जयंत मलैया के बेटे सिद्धार्थ मलैया को पार्टी में फिर वापस ले लिया गया। सवाल यह है कि जब उप चुनाव में भितरघात



के आरोप में सिद्धार्थ को भाजपा से निष्कासित किया गया था तब पार्टी का निर्णय सही था, या अब जो किया वह सही है। पार्टी प्रत्याशियों को हराने वाले नेताओं को इसी तरह वापस लिया जाता रहेगा, तो क्या मैसेज जाएगा? सच यह है कि दमोह में कांग्रेस विधायक राहुल लोधी का इस्तीफा कराना और भाजपा से चुनाव लड़ाना ही गलत फैसला था।

क्योंकि तब सरकार बचाने के लिए ना तो विधायकों की जरूरत थी और ना ही लोधी समाज को साधने के लिए राहुल की। समाज के प्रहलाद पटेल पहले ही दमोह से सांसद हैं और लोधी समाज के अधिक स्वीकार्य नेता भी। ऐसे में एक उपचुनाव थोपना और पार्टी की स्थापना से संघर्षरत रहे मलैया परिवार को दरकिनार करना भाजपा के रणनीतिकारों की बड़ी गलती थी। जब यह गलती कर ही दी थी तो फिर भाजपा से चुनाव लड़े और हारे राहुल की शिकायत पर सिद्धार्थ का पार्टी से निकालना भी सही था। अब उन्हें वापस लेकर भितरघाती नेताओं का हौसला बढ़ाया गया है। हालांकि इसकी पटकथा तभी लिख गई थी जब 75 वें जन्मदिन पर जयंत मलैया को बधाई देने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी प्रमुख नेता दमोह पहुंचे थे और मलैया की तारीफ में कसीदे पढ़े थे।

**कर्नाटक' के बाद बदलाव की अटकलों में कितना दम**

कर्नाटक चुनाव के नतीजे आने के बाद मप्र विधानसभा चुनाव के लिए लगभग 6 माह का समय



बचेगा। ऐसे समय नेतृत्व में बदलाव को फायदेमंद नहीं माना जाता। हालांकि उत्तराखंड इसका अपवाद है। उत्तराखंड में चुनाव से लगभग 6 माह पहले नेतृत्व परिवर्तन कर भाजपा ने फिर सत्ता हासिल कर ली थी। ऐसी कोई संभावना यहां नहीं है, इसकी वजह हैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जो दिन-रात जनता के बीच हैं। बावजूद इसके कर्नाटक के बाद प्रदेश में कई तरह के राजनीतिक बदलाव की अटकलों का दौर जारी है। यह बदलाव कर्नाटक के नतीजों को देखकर करने की बात कही जा रही है। कोई सरकार में परिवर्तन की बात करता है, कोई भाजपा संगठन में। किसी की राय है कि मंत्रिमंडल में फेरबदल कर फिर जीत को पुख्ता करने की कोशिश होगी। क्योंकि कई जगह मंत्रियों की कार्यशैली के कारण भाजपा का माहौल खराब है। पार्टी की रणनीतिक बैठकों में भी नेता और प्रभारी पार्टी के अंदर असंतोष का मुद्दा उठा रहे हैं। इस पर काबू पाने भाजपा के दिग्गजों को मैदान में उतार रखा गया है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व कर्नाटक चुनाव के बाद एक बार और प्रदेश के राजनीतिक हालात की समीक्षा करेगा। इसमें जो तथ्य उभर कर सामने आएंगे, इसके आधार पर सरकार और संगठन में जरूरी बदलाव किए जा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# वर्ल्ड वेटनरी डे पर डॉ. अटोदे ने पशु चिकित्सालय को किया डॉग ट्रेविश भेंट

खरगोन । 29अप्रैल शनिवार को वर्ल्ड वेटरनरी डे पर शहर के संपूर्ण होम्योपैथिक क्लीनिक के संचालक डॉ. एसके अटोदे एवं पशु चिकित्सा विभाग के राकेश अटोदे (एवीएफओ) द्वारा शासकीय पशु चिकित्सालय खरगोन को डॉग का ट्रेविस (कटघरा) भेंट किया गया। डॉग के ट्रीटमेंट के लिए बेहद उपयोगी यह कीट पशु चिकित्सा सेवाएं के जिला प्रमुख उप संचालक डॉ. एलएस बघेल के हाथों में सौंपी गई। ज्ञात रहे पशु चिकित्सालयों में बड़े पशुओं के इलाज के लिए तो कटघरे होते है परंतु डॉग के ट्रीटमेंट के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण पशु चिकित्सकों को काफी असुविधा होती है और इलाज के दौरान हर समय डॉग के काटने का भय भी बना रहता है। कटघरा आने से हॉस्पिटल को एक नई सुविधा मिली है, जिससे अब आसानी से डॉग का ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। इस अवसर पर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों में डॉ. सुभाष खन्ना, डॉ. रवि हीरानी, डॉ. शैलजा कनाशिया, डॉ. प्रियंका बघेल, एलएस सोलंकी, अशोक भावसार, मनोहर मंडलोई, आकाश सावनेर, एमएल जमरे, डीके बक्शी, सोहन यादव, राधेश्याम, महेश परसाई आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का बुथ लेबल एजेंट प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



इटारसी // मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के निर्देशानुसार नर्मदापुरम एवं सिवनी मालवा विधानसभा के मंडलम,सेक्टर,बी एल ए का प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय यादव समाज भवन इटारसी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी द्वारा अधिकृत प्रशिक्षक ललित सेन, आनंद चौरसिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्ग में दोनो विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष,उप ब्लॉक अध्यक्ष,मंडलम,सेक्टर अध्यक्ष सहित बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों ने पंजीयन करवाया । कार्यक्रम की रूपरेखा जिला संगठन मंत्री मधुसूदन यादव ने रखी गई। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री विजय दुबे काकू भाई,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र फौजदार,मोहन झालिया,समीर शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार केलु उपाध्याय, आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, शिवराज चंद्रोल,अधिवक्ता मुकेश यादव,डाक्टर नरेंद्र वर्मा,परमजीत सिंह सलूजा,मनमोहन यादव,देवी मालवीय,विजय कावरे,गोल्डी बेस,सौम्य,दुबे ,सहित अनेक कांग्रेसजन व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉक्टर धमनिया को ऑक्सीजन प्लांट के नोडल अधिकारी प्रभार से हटाया गया

छतरपुर। सिविल सर्जन डॉक्टर जी एल अहिरवार ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धमनिया जो कि ऑक्सीजन प्लांट के नोडल अधिकारी थे उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर श्री जी. एल. अहिरवार ने बताया कि डॉक्टर धमनिया 6 माह से अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरत रहे थे उनको अनेक बार चेतावनी भी दी गई लेकिन उनके कार्यों में किसी प्रकार का सुधार नहीं आ रहा था इसलिए कल शनिवार को नोडल अधिकारी के पद से डॉक्टर धमनिया को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। डॉक्टर धमनिया के स्थान पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ओज दोसाज को ऑक्सीजन प्लांट का नोडल अधिकारी बनाया गया है। ज्ञातव्य हो कि सिविल सर्जन डॉक्टर जी.एल. अहिरवार जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं जिसके अच्छे परिणाम देखे जा रहे हैं।

सागर। बागेश्वर धाम के महाराज पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जी के सागर स्थित भागवत परिसर में दैनिक सागर सरोज के संपादक व सागर पेस क्लब के अध्यक्ष बरिषट पत्रकार पं सिद्ध गोपाल तिवारी ने पत्रकार साथियों के सौजन्य भेंट की पंडित जी ने सनातन संस्कृति परंपरा को बढ़ाने पर जोर दिया इस अवसर पर पं सिद्ध गोपाल तिवारी ने महाराज जी का शाल श्रीफल से सम्मान किया



# नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल के सुपुत्र व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के भतीजे मणिनागेंद्र मोनू पटेल का आकस्मिक निधन

नरसिंहपुर।(गीतगोविन्द पटेल) आज जिले के गोटेगांव से समूचे क्षेत्र को शोक में डूबी देने वाली खबर आई। जिसे सुनकर सहसा किसी को भी यकीन नही हुआ ! लेकिन ÷नही रहे मोनू भैया की सच्चाई सोशल मीडिया पर फैलते ही सब के सब अवाक से रह गए।

बीजेपी विधायक जालम सिंह पटेल के पुत्र मणि नागेंद्र सिंह उर्फ (मोनू पटेल) का आज रविवार 30 अप्रैल को दुखद निधन हो गया सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार मोनू पटेल दोपहर 1ः00 बजे अपने कमरे में सोने के लिए गए थे पर शाम को लगभग 6ः00 बजे तक उनका कमरा नहीं खुला जिसके बाद परिजनों को चिंता हुई तो किसी प्रकार से उनका कमरा खुलवाया तो मोनू पटेल कमरे में मृत पाए गए ऐसी सूचना सूत्रों से मिली है।

वैसे तो मोनू पटेल किसी परिचय के मोहताज नहीं थे। वे नरसिंहपुर विधायक जालमसिंह जी के पुत्र या केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के भतीजे थे। लेकिन युवाओं के लिए वे उनके चहेते युवा नेता थे। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य के प्रमुख युवा नेता थे। वह अपने करिश्मे, समर्पण और नवीन सोच के लिए जाने जाते थे। गतिशील व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने विधायक पुत्र के अतिरिक्त अपनी स्वयं की एक अलग राजनैतिक व सामाजिक छवि बनाई थी।इतनी कम उम्र में ही वे युवाओं की धड़कन बन गए थे। लोग उन्हें प्यार व सम्मान से मोनू भैया कहते थे। मोनू पटेल अपने गतिशील व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे, जिसने उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में युवाओं से जुड़ने में मदद की है। वह एक कर्मठ व्यक्ति थे और हमेशा अपने जीवन को बेहतर बनाने के तरीकों की तलाश में रहते हैं युवा हमेशा मोनू पटेल के व्यक्तित्व को लेकर उनसे आकर्षित रहते थे और हमेशा उनका साथ देते थे मोनू पटेल युवाओं में बहुत मशहूर थे।



युवा विकास के बारे में हमेशा कार्य करते थे। मोनू पटेल युवा विकास के प्रबल हिमायती हैं। उनका दृढ़ विश्वास रहा कि युवा राष्ट्र का भविष्य हैं और एक बेहतर कल बनाने के लिए उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता है। जिले के विकास की सोच हमेशा उनके दिल और दिमाग में रहती थी मोनू पटेल हमेशा जिले के बिकास में योगदान देते रहे हैं मोनू पटेल हमेशा गरीब मजबूर की आवाज बन कर खड़े रहते थे।

जनसुनवाई के माध्यम से भी सुनते थे लोगों की बातें।

मोनू पटेल अपने निज निवास गोटेगांव में जनसुनवाई लगाते थे जिसमें वह गरीब मजबूर लोगों की शिकायतें सुनकर उनको प्रशासन के पास पहुंचाते थे जिसके बाद प्रशासन तत्परता से उन पर कार्रवाई करता था और गरीबों की जो भी समस्या रहती थी उसको तत्काल हल कराने के लिए मोनू पटेल इसी तरह के कार्य करते रहते थे जिससे गरीब मजदूरों की समस्या जल्द हल हो सके।

**अपनी काम करने की शैली को लेकर मशहूर थे:** मोनू पटेल की करिश्माई नेतृत्व शैली ने उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में युवाओं के बीच एक लोकप्रिय व्यक्ति बना दिया है। वह एक स्वाभाविक संचारक है और लोगों को प्रेरित करने में माहिर थे।

**अभिनव सोच के धनी थे मोनू भैया:** मोनू पटेल अपनी इनोवेटिव सोच और लीक से हटकर आइडिया के लिए जाने जाते थे। वह हमेशा समस्याओं को हल करने और अपने घटकों के लिए अवसर पैदा करने के नए तरीकों की तलाश में रहते थे। उन्होंने कई आईएनआई लॉन्च किए थे वह हमेशा गरीबों के विकास के बारे सोचा करते थे। जिले की विकास की बाते करते थे यही वजह थी कि मोनू पटेल इतने कम समय में युवाओं की दिलो की धड़कन बन गए थे।

**कार्य व्यवहार का सख्ती से पालन:** मोनू पटेल एक मेहनती व्यक्ति थे जो अपने निर्वाचन क्षेत्रों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहते थे। उन्हें अक्सर जमीन पर देखा जाता था, लोगों के साथ बातचीत करते हुए और उनकी चिंताओं को दूर करते हुए। उनके पास एक मजबूत कार्य नीति थी वह हमेशा अपने निर्वाचन क्षेत्रों मैं अपनी कार्यशैली के दम पर युवा और लोगों के साथ जल्दी घुल मिल जाते थे और हमेंशा सर जमीन से जुड़े हुए रहते थे यही वजह थी कि मोनू पटेल अपनी विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन के समय मजबूत भूमिका भी अदा करते थे।

**दूरदर्शी नेतृत्व:** मोनू पटेल एक दूरदर्शी युवा नेता थे, जिन्हें इस बात का स्पष्ट अंदाजा है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र को कहां ले जाना चाहते थे। उनके पास अपने क्षेत्र के विकास के लिए दीर्घकालिक दृष्टि थी और इसे वास्तविकता बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे थे जल्दी ही वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम थे। निश्चित ही वे अपनी राजनैतिक पृष्टभूमि को और अधिक प्रभुत्व से आगे ले जाने में सक्षम थे। मोनू पटेल एक गतिशील, भावुक और करिश्माई युवा नेता थे जिन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला था। उनकी नवीन सोच, मजबूत कार्य नीति और दूरदर्शिता अच्छा नेता बनाती थी ऐसे आकर्षक करिश्माई गढ़ते व्यक्तित्व को इस तरह से अचानक इस दुनिया को अलविदा कह जाना हर किसी को नागवार गुजर रहा है। आज उनके विरोधियों की भी आँखों में आँसू थे। लेकिन ईश्वर के विधान को समझना किसी के वश में नही। शायद उनकी जिंदगी में इतने ही दिन थे ! सभी ने यही प्रार्थना की कि उन्हें भगवान के श्री चरणों में स्थान मिले व ईश्वर उनके परिवार को इस विशाल आघात को सहने की शक्ति प्रदान करे। समस्त जिला ही समूचे प्रदेश व देश भर में मौजूद उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर व्याप्त है।

# तूफानी हवाओ से अस्थाई दुकानदारों का लाखों का नुकसान

## तेज़ हवा संग पानी ने मचाई खलबली

औबेदुल्लागंज। रविवार शाम तेज़ हवाओं के साथ तूफानी पानी की बौछारों ने इंसान का दिल दहला दिया। आर्थिक नुकसान के साथ बे-मौसम बारिश व ओलों ने कई मूंग की फसलों को बर्बाद कर दिया वहीं, कई आयोजनों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है। बता दें कि कई किसानों ने गेहूं की फसल काटने के बाद नरवाई में आग लगा दी, जिससे लागभग हज़ारों एकड़ की नरवाई की आग से मौसम खराब होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। मौसम के बिगड़ने की जो भी वजह रही हो परंन्तु कई रोज़गार करने वाले स्थायी व अस्थाई दुकानरों को लाखों का चूना लगा है। इकलम्बा हाइवे ब्रिज के नीचे व आस-पास के दुकानदारों को प्राकृतिक आपदा के सामना करना



पड़ा। ज्ञात हो कि हाइवे ब्रिज के नीचे कई दो पहिय्या व चार पहिय्या वाहन सवार तेज़ आंधी तूफान से बचने के लिए खड़े दिखे। गौहरगंज प्रीमियर लीग (नाइट टूर्नामेंट) भी बे-मौसम बारिश से प्रभावित हुआ है। जीपीएल के अलावा क्षेत्र में कई जगह इन महीनो क्रिकेट टेनिस बॉल, नाइट टूर्नामेंट का आयोजन होता है जिससे युवा खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने व अपने खेल को सुधारने का मौका मिलताहै परंन्तु उक्त मौसम से सब पानी पानी हो गया। संदिग्ध परिस्थितियों में कई दुकानों का सामान भी गायब है वहीं, कई जगह लोहे, स्टील के प्लेटें तश्तरी की तरह उड़ गईं। गनीमत रही उनकी चपेट में कोई व्यक्ति नही आया।



**दमोह जिले मे जोड़दार हवा और बारिश के चलते कुम्हारी सगौनी सड़क से गुजर रही बस के ऊपर बबूल का पेड़ गिय गया जिसके कारण आवागमन हुआ प्रभावित सड़क पर घंटो बस पर रखा रहा पेड राहगीर होते रहे परेशान ।**

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मोटर साईकिल से निकले शहर की तंग गलियों में : दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



सागर/ कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश के सह प्रभारी श्री सीपी मित्तल ने शहर की तंग गलियों में रहने वाले कांग्रेस पार्टी से जुड़े विभिन्न शोकग्रस्त परिवारों के बीच मोटर साईकिल से जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर उतरकर काम करने की अपनी मंशा का साफ संदेश दे दिया है।

राष्ट्रीय सचिव श्री सीपी मित्तल ने शहर जिला कांग्रेस की बैठक में कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर उतरकर जनता की लड़ाई शुरू करने की हिदायत दी थी। इसी के चलते उन्होंने चार पहिया गाड़ियों के बजाय मोटरसाइकिल पर सवार होकर पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे के इतवारी टौरी स्थित निवास पर जाकर उनके बड़े भाई स्व श्री संतोष कटारे मनऊ महाराज के पिछले दिनों निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत मनऊ महाराज के पुत्र हिमांशु कटारे, राजनाथ कटारे आदि को ढाढस बंधाया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक पीसीसी सह प्रभारी सुरेंद्र सिंह रघुवंशी जिला संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई जितेंद्र रोहन अवधेश तोमर शैलेंद्र तोमर महेश अहिरवार साजिद राईन आदि मौजूद रहे। उन्होंने मोटर साईकिल से ही मंडलम अध्यक्ष स्व प्रदीप जैन कुल्फी के इतवारा बाजार में व पूर्व संगठन सचिव स्व सुरेंद्र साहू के वल्लभनगर स्थित घरों में पहुंचकर संतप्त परिवारों में कांग्रेस पार्टी की ओर से संवेदनाएं व्यक्त कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उक्त नेताओं के साथ ही चमन अंसारी लीलाधर सूर्यवंशी व सुधीर जैन सहित शोक संतप्त परिवारों के सदस्य मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनियां विकसित न हो वैध कॉलोनियो की सूची प्रकाशित करे: कलेक्टर



बैतूल - कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने कहा कि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं नगरीय निकाय यह सुनिश्चित करे । कि किसी भी स्थिति में अब जिले मे अवैध कॉलोनियां विकसित न हो। जिला पंजीयक क्रेताओं को इस बात के लिए अवगत कराएं कि अवैध कॉलोनियों मे खरीदे गए प्लाट का नामांतरण नहीं होगा। आयोजित नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक मे कलेक्टर ने कहा कि वर्ष 2016 के पूर्व विकसित अवैध कॉलोनियों के अधोसंरचना विकास के लिए अभिन्यास तैयार कराकर दावे-आपत्तियों के लिए प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए। वर्ष 2016 के बाद निर्मित अवैध कॉलोनियों का दल गठित कर सर्वे किया जाए एवं कॉलोनी विकासकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वैध कॉलोनियों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रकाशित की जाए । ताकि आमजन अज्ञानता मे अवैध कॉलोनियों मे प्लाट क्रय की धोखाधड़ी से बच सकें। बैठक मे नगरीय निकायों के अध्यक्ष समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मौजूद थे।


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती रश्मि अग्रवाल पत्नी श्री महेंद्र अग्रवाल निवासी B1, पंचवटी कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड, भोपाल के निर्देशानुसार श्री महेंद्र अग्रवाल पिता स्वर्गीय श्री राधेश्याम अग्रवाल B1 पंचवटी कॉलोनी भोपाल परिजनों के स्वत्व से अर्जित संपति जिसमें" भोपाल जिले के जाटखेड़ी (तहसील बेरसिया) में 7 एकड़ कृषि भूमि, ग्राम रतुआ में 35 एकड़ भूमि, 10 एकड़ कृषि भूमि ग्राम हर्राखेड़ा, बैरसिया, ग्राम रसला खेड़ी फंदा में खसरा नंबर 15/2 कुल रकबा 3.85 एकड़, पंचवटी कॉलोनी भोपाल में प्लॉट नंबर 12 13 सेक्टर B1 4500 वर्गफीट एवं A1 में प्लॉट नंबर 4 और 5 (4000 वर्ग फीट) F81 भोपाल के द्वारका धाम कॉलोनी में डुप्लेक्स मकान, 8000 वर्ग फीट का एक फार्म हाउस स्वागत गार्डन के पीछे हलालपुर भोपाल में, बड़वा में पुराना पटवारी हल्का नंबर 19 की एक कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 47/5, रकबा 1.59, सीहोर के वार्ड क्रमांक 8 में इंग्लिश पुरा छावनी में खसरा क्रमांक 405/1/1/3, इंदौर में खजराना क्षेत्र स्थित क्लासिक पूर्णिमा ईस्टेट कॉलोनी में रो हाउस नंबर 20, खातेगांव देवास में एक चार मंजिला मकान शॉपिंग कांप्लेक्स 30 एकड़ कृषि भूमि, रातीबड़ क्षेत्र में एक कृषि भूमि, अनेक प्रॉपर्टी, ज्ञात अज्ञात और छुपी हुई संपतियां 200 टीपीएच के क्रेशर, कई मशीनें, 20 डंपर, रोलर डोजर वेटर मशीन क्रेशर से संबंधित और कृष्णा कंस्ट्रक्शन से संबंधित मशीनरी जिसकी लगभग लागत मूल्य 300 करोड़ के करीब है" और भी अन्यत्र ज्ञात और अज्ञात, बेनामी कृषि भूमि प्लॉट फ्लेट बैंक खाते स्वर्ण आभूषण इत्यादि को श्री महेंद्र अग्रवाल चुपके से पत्नी रश्मि अग्रवाल के संज्ञान में लाए बगैर और दोनों बच्चे यशस्वी अग्रवाल और जयवर्धन अग्रवाल की सहमति के बिना सौदा करने के प्रयास में है। मेरी पक्षकार श्रीमती रश्मि अग्रवाल महेंद्र अग्रवाल की अधिकृत रूप से ब्याहता पत्नी है, जिससे दो बच्चे है, के संज्ञान में लाए बिना और दोनों बच्चों की सहमति लिए बगैर उक्त में से कोई भी संपति का विक्रय करते है तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं क्रय करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही होगी। श्री महेंद्र अग्रवाल के विरुद्ध भोपाल के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं न्यायालय में संपत्ति को लेकर प्रकरण प्रचलन में है और मेरी पक्षकार को अंदेशा है कि यहां उल्लेखित संपति का नीतिगत निर्धारण किए बिना बाले बाले हमारे परिवार द्वारा अर्जित संपति कुछ विघ्न संतोषी तत्वों के बहकावे में बेचने एवं दान करने और बच्चों के हक एवं अधिकार छीनने के प्रयास में संलग्न है। इस पब्लिक नोटिस के प्रकाश में महेंद्र अग्रवाल उक्त वर्णित चल-अचल संपतियों एवं व्यावसायिक वस्तुओं के अकेले विक्रय करने या अंतरित करने अधिकार नहीं रखते है, यह आपति दर्ज कराई जाती है और क्रेता या ग्राहणकर्ता व्यक्ति को ऐसा करने से रोकते है, साथ ही आगाह करते है कि ऐसा करने पर संबंधित पक्षों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जवाबदारी संबंधित व्यक्तियों की होगी। उक्त समस्त संपति को कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार की सहमति के बगैर क्रय नहीं करें।

भवदीय **देवेन्द्र बुचके** ऐडवोकेट
एस 496, अपोजिट शारदा स्कूल, नेहरू नगर, भोपाल
मो. 9617480760


# मन की बात के कहे जाने वाले मुद्दे जन आंदोलन बन गए: प्रीतम सिंह

## भारतीय जनता पार्टी ने दमोह जिले के 1164 बूथ पर मन की बात कार्यक्रम मे सुनी मन की बात

दमोह भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी के नेतृत्व में जिले के सभी विधान सभा अंतर्गत सभी मंडलों के 1164 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% के 100वें संस्करण को सुना गया। %मन की बात% के लाइव प्रसारण के लिए जिले भर में बूथ स्तर पर विशेष आयोजन कर 400 बूथ पर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेता के साथ कार्यकर्ताओं ने मन की बात को सुना।

मन की बात में संबोधित करते हुए देश के लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चरैवेति चरैवेति यानी चलते रहो - चलते रहो की बात कही। उन्होंने कहा कि आज हम इसी चरैवेति की भावना के साथ देशवासियों के सेवा और सामर्थ्य की बात कही।

जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने दमयंती नगर मंडल के बूथ क्रमांक 156 पर %मन की बात' का प्रसारण अनेकों कार्यकर्ताओं के साथ सुना और उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के शासन काल में देश हमेशा सद्भावना, सेवा-भावना और कर्तव्य-भावना से ही आगे बढ़ा है, नरेन्द्र मोदी ने भारत वासियों में अटूट विश्वास पैदा किया है और सामूहिक प्रयास से बड़े से बड़ा बदलाव का संदेश दिया है। यह भी एक वजह है कि शिक्षा के साथ डाइवर्स ग्लोबल कल्चर्स को समृद्ध करने के लिए हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है।मारूताल के बूथ 229 में कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री राहुल सिंह ने समस्त ग्राम वासियों के साथ कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय , सरपंच नारायण राय सहित ग्राम वासियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।नवोदय वार्ड हटा के बूथ क्रमांक 92 पर विधायक पी एल तंतुवाय एवं विधायक जबेरा धर्मेंद्र सिंह ने जबेरा बूथ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

दमयंती नगर के बजरिया वार्ड 6 के बूथ पर पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का प्रसारण देखा और वार्ड के वरिष्ठ जनों का स्वागत किया।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज ने हिरदेपुर के बूथ क्रमांक 64 पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने आनू के बूथ पर, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने हिरदेपुर के बूथ क्रमांक 66 और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह ने दमोह विधान सभा के बांदकपुर के बूथ 185 पर मन की बात का प्रसारण सुना। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक श्याम शिवहरे ने दीनदयाल मण्डल के बूथ 131पर पार्षद बाल कृष्ण यादव सहित अनेक गणमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम देखा। दमयंती मण्डल के सिविल 4 के बूथ 161 पर मण्डल प्रभारी और जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन, नगर महामंत्री श्याम विश्वकर्मा, वार्ड अध्यक्ष सतीश जैन ने प्रसारण सुना और स्थानीय वरिष्ठ जनों का सम्मान किया।





जिला मंत्री संजय यादव ने मांगज वार्ड के बूथ क्रमांक 130 और जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल ने सदगुंवा मंडल के खौजाखेड़ी बूथ, दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी ने सिविल वार्ड 8 के बूथ पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिले के 22 मंडलों के 177 शक्ति केंद्रों के 1164 बूथों पर बूथ अध्यक्ष महामंत्री बूथ पदाधिकारी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम को सुना ।

# कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001 दूरभाष एवं फैक्स नंबर : - 07162-222346
ई-मेल : - commchhindwara@mpurban.gov.in, commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट :- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/ 544 एवं 546 /लो.नि.शा./न.पा.नि./2023-24 छिंदवाड़ा दिनांक 27/04/2023

## //निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ( पार्षद अनुशंसा कार्य )

| क्र. | टेंडर क्रमाक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2023_UAD_271806_1 28/04/2023 | Connecting Geetanjall water tank witt bohta rising lIne | 3 Month 33,26,959/- | 5000.00 25000.00 | 27/05/2023 |
| 2 | 2023_UAD_271807_1 28/04/2023 | Pipeline to connect girl educatior campus with water tank | 3 Month 16,70,251/- | 2000.00 12600.00 | 27/05/2023 |
| 3 | 2023_UAD_271865_1 28/04/2023 | Tubewell Drilling in ward 40 | 1 Month 3,63,092/- | 2000.00 3700.00 | 12/05/2023 |
| 4 | 2023_UAD_271866_1 28/04/2023 | Installation of statue of Honorable jagatguru swami swaropananc saraswati | 2 Month 6,50,000/- | 2000.00 6500.00 | 12/05/2023 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा

# मजदूरों के मूल मुद्दों से दूर मजदूर यूनियनें

**ब्रह्मदीप अलूने**

भारत की आज़ादी के आंदोलन में मराठी मानुष की पहचान बने और बाद में देश के रेल मंत्री बने सदाशिव कानोजी पाटिल को मुम्बई का बेताज बादशाह कहा जाता था। लगातार चार बार सांसद चुने जाने वाले पाटिल से जब एक पत्रकार ने पूछा की क्या उन्हें कोई चुनाव में हरा सकता है। नेताजी का जवाब था कि अगर भगवान भी आ जाएं तो मुझे हारा नहीं सकते। जब अगली सुबह नेताजी का न हारने का दावा मुम्बई के अख़बारों में छपा तो मुम्बई में ही काम करने वाले एक मजदूर नेता जार्ज फर्नाडीज ने महानगर में पोस्टर लगवाएं जिसमें जनता के लिए संदेश लिखा था कि,भगवान भी नहीं हरा सकते उनको। लेकिन आप हरा सकते हैं इस शख़्स को। बाद में पाटिल बंबई दक्षिण लोकसभा सीट से जॉर्ज जार्ज फर्नाडीज से बयालीस हज़ार वोटों से चुनाव हार गए।

सांसद बनने के बाद भी जार्ज फर्नाडीज के जीवन में कोई खास बदलाव नहीं आया। मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए वो हड़तालें ज़रूर करवाते थे लेकिन अगर हड़ताल तीन दिन से अधिक चल जाती थी तो वो खुद खाना लेकर मज़दूरों की बस्ती में पहुंच जाते थे। यह भी दिलचस्प है कि सांसद और देश के रक्षामंत्री बनने के बाद भी जार्ज फर्नाडीज का रहन सहन आम मजदूर जैसा ही बना रहा। अपनी ज़िंदगी में उन्होंने न तो कभी कंघा खरीदा और न ही इस्तेमाल किया। अपने कपड़े वो खुद धोते थे। उन पर इस्त्री ज़रूर कराते थे लेकिन उन्हें नेताओं जैसे सफ़ेद कलफ़ लगे कपड़े पहनना बिल्कुल पसंद नहीं था।

छत्तीसगढ़ के मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी की भिलाई में आदमकद प्रतिमा के सामने जाकर सिर झुकाते कई मजदूर मिल जायेंगे। नियोगी जी ने संघर्ष और निर्माण का नारा देकर हजारों मजदूरों के परिवारों का जीवन बदल दिया था। इस जुझारू मज़दूर नेता की 1991 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें छत्तीसगढ़ के लौह अयस्क खनिकों और अन्य श्रमिकों द्वारा भगवान माना जाता था। नियोगी का संघर्ष मजदूरों के हितों के लिए इतना व्यापक था कि समाज का शायद ही कोई तबका उससे लाभान्वित न होता हो। वे ट्रेड यूनियन संघर्षों को किसान संघर्षों जैसे व्यापक मुद्दों से जोड़ते थे। सामाजिक सुधार,पर्यावरण संरक्षण,शराब बंदी,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दें उठाकर वे लोकतांत्रिक परिवर्तन के लिए भी तैयार रहते थे। बंगाल के जलपाईगुड़ी से भिलाई मजदूरी करने आये इस शख़्स ने इस्पात श्रमिकों के संघर्षों में शामिल होकर गांवों की पैदल यात्रा की। स्टील प्लांट में नियमित श्रमिकों की तुलना में जो श्रमिक सबसे अधिक पीड़ित थे,वे ज्यादातर स्थानीय ग्रामीण श्रमिक थे और लौह अयस्क खनन के लिए अनुबंध प्रणाली के तहत कार्यरत थे। नियोगी ने छत्तीसगढ़ में देश के सबसे सफल शराब विरोधी प्रयासों में से एक की शुरुआत की। यह न केवल एक मामूली गतिविधि के रूप में शुरू किया गया था,बल्कि इसे इतना महत्व दिया गया था कि श्रमिकों ने शराब छोड़ने को अपनी यूनियन के लिए सम्मान की बात माना। इसमें मजदूरों के परिवार भी शामिल थे,इसलिए महिलाओं और बच्चों ने घर में ही शराबबंदी कर दी। मजदूर परिवारों के लिए अस्पतालों और शिक्षा संस्थाओं की स्थापना का उनका प्रयास अभूतपूर्व प्रभाव उत्पन्न करने में सफल रहा. इससे यह सुनिश्चित भी हुआ कि यह जरूरी नहीं की मजदूर का बच्चा भी मजदूर ही रह जायें।

देश के आज़ादी के आंदोलन में भी मजदूर यूनियनों का बड़ा योगदान रहा है। बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय के नेतृत्व में मज़दूर वर्ग का आंदोलन मज़बूत हुआ और वर्ष 1930 के बाद से आंदोलन में एक वैचारिक स्वर जुड़ गया था। स्वतंत्रता के बाद की अवधि में भारतीय मज़दूर संघ और भारतीय ट्रेड यूनियनों के केंद्र जैसे कई ट्रेड यूनियनों का गठन हुआ। आज़ादी के बाद लंबे समय तक मजदूर यूनियनें मजदूरों की भलाई के लिए गैर राजनीतिक ढंग से काम करती रही।



इसका प्रभाव यह हुआ कि औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 और श्रम संबंध विधेयक और ट्रेड यूनियन बिल 1949 जैसे बिल संसद में पेश किये गए। मजदूर यूनियन के मजबूत रहने से करोड़ों मजदूरों के हितों की व्यापक रक्षा करने के लिए सरकारें प्रतिबद्ध बनी रही।

लेकिन 1990 के दशक में उदारीकरण,निजीकरण और वैश्वीकरण की शुरुआत से सब बदल गया। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को आकर्षित करने के लिए उदार नियम बना दिए गए और इसके बाद पूंजीवादी ताकतें भी मजबूत होने लगी। यहीं से पूंजी की तुलना में श्रमिकों की सौदेबाज़ी की स्थिति प्रारम्भ हुई। कथित तौर पर ठेकेदारी प्रथा व्यवस्था पर हावी हुई और मजदूरों के हित दम तोड़ने लगे। नियोक्ताओं को भाड़े और नौकरी से निकालने का पूरा अधिकार मिलने का असर श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले ट्रेड यूनियनों पर पड़ा और मजदूर नेता पूंजीवादी प्रभाव के जाल में उलझा दिए गए। बदलते दौर में देश में ट्रेड यूनियनें तो है लेकिन वे मज़दूर वर्ग की समस्याओं के प्रति उत्तरदायी नहीं रही हैं। सियासी फायदों के लिए इस्तेमाल होने से संगठन खंडित हो गए है। उनके बीच कटु प्रतिद्वंद्विता पैदा हुई है और इसलिये वे मज़दूर वर्ग के मुद्दों का जवाब देने में कई बार विफल रहे है।

यह भी दुर्भाग्य ही है कि मजदूरों की तादाद सबसे अधिक होने के बाद भी उनमें राजनीतिक चेतना का अभाव है और इसीलिए देश के करोड़ों लोग गरीबी के दलदल से बाहर निकलने में असफल रहे है. इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता की संगठित क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों ने सामाजिक रूप से उत्पीड़ित समूहों से संबंधित महिला श्रमिकों और अन्य श्रमिकों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की है। यहीं कारण है कि भारत के ग्रामीण इलाकों में बेरोज़गारी दर लगातार बढ़ रही है। सरकारी स्कीम के तहत काम करने वाले करोड़ों मज़दूरों को अब तक बकाया पैसा नहीं मिला है,जिससे उनकी हालत बहुत ख़राब है।

एक अनुमान के मुताबिक देश में 5 से 4 साल की उम्र के बच्चों में से 4 फीसदी मज़दूरी करने को मजबूर है। जबकि देश में बाल मजदूरी पर सख्त मनाही है। विश्व असमानता रिपोर्ट की मानें तो भारत में श्रम से होने वाली कुल कमाई का सिर्फ 18 फीसदी हिस्सा ही महिलाओं के हाथ आता है। आबादी और परिवार चलाने की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए यह स्थिति बेहद भयावह है।

देश के कुल श्रमिकों में से तकरीबन 80 प्रतिशत कामगार असंगठित क्षेत्रों में काम करते हैं। संगठित क्षेत्रों में भी कई अनियमित श्रमिक काम करते हैं। उनकी संख्या भी अगर जोड़ दी जाए तो देश में कुल असंगठित कामगारों की तादात 90 फीसदी या करीब 45 करोड़ तक पहुंच जाती है। अल सुबह गांव,कस्बों और शहरों में मजदूरी तलाशती भीड़ किसी भी चौराहे पर मिल जाएगी। उनके लिए न्यूनतम वेतन जैसी सामाजिक सुरक्षा के हक पाना बहुत मुश्किल है और वे रोटी की तलाश में जो मिला उसी में खुश हो जाते है। देश में करोड़ों शहरी असंगठित मज़दूर और ग्रामीण खेत मज़दूर है जो किसी भी कानून के दायरे में नहीं आते। बापू कहते थे कि जो किसान होता है,वह मजदूर न हो,यह संभव ही नहीं है। किसानी-खेती ऐसा उद्यम है जो किसान की मज़दूरी के बिना संभव ही नहीं है। बापू आज़ादी के आंदोलन में एक भारतीय किसान-मज़दूर की वेश-भूषा में तथा उनकी ही तरह रेलगाड़ी के तीसरे दर्जे में बैठकर यात्रा करते थे। खेल खलिहानों में जाते थे तथा अपना काम स्वयं करते थे।

भारत में मजदूर कम नहीं हुए बल्कि उनकी संख्या में वृद्धि ही हुई है। अब मजदूरों के अधिकारों से ज्यादा मजदूरों की उपलब्धता प्राथमिकता बन गई है। ऐसे में मजदूरी का भुगतान,मजदूरी से कटौतियां,कार्य के घंटे,विश्राम अंतराल, साप्ताहिक अवकाश,सवेतन छुट्टी,कार्य की भौतिक दशायें,स्थायी आदेश,नियोजन की शर्तें,बोनस,कर्मकार क्षतिपूर्ति,प्रसूति हितलाभ एवं कल्याण निधि जैसे श्रम विधान बहुत पीछे छुट गए है। सियासी और आर्थिक फायदों के फेर में यूनियनें और आंदोलन खंडित हो गए है और उन्होंने अपनी ताकत खो दी है। इसका खामियाजा आम मजदूर भोग रहा है। उसे अपना अधिकार कैसे और किससे मिले,यह सोचने का उसके पास न तो समय है और न ही आशा की कोई किरण नजर आती है। जाहिर है अब न तो कोई जार्ज फर्नाडीज जैसा मजदूर नेता उनके बीच है और न ही कोई नियोगी बनकर मजदूरों के हितों के लिए लड़ना चाहता है। ईट ङ्कभट्टे पर काम करती या सड़क किनारें अपने दूध मुंहे बच्चें को रखकर गड्डे खोदने वाली महिला या उसका बच्चा यदि काल का शिकार हो जाए तो उसके श्रम अधिकार कैसे मिलेंगे और उन्हें कौन संस्थान देगा,यह बड़ा सवाल सामने खड़ा है।

## छात्राओं ने जाना सत्य अहिंसा का मूल तत्व

### बापू स्मृति प्रकल्प में व्याख्यान

**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा की प्राचार्य डॉ. अजरा एजाज के निर्देशन में आज दिनांक 29.04.2023 को बापू स्मृति प्रकल्प के अंतर्गत डॉ. कविता शर्मा (समाजशास्त्र प्राध्यापक पीजी कॉलेज) ने सत्य अहिंसा का मूल तत्व के महत्व पर प्रकाश डाला एवं अहिंसा परमो धर्मः पर छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं अभार प्रदर्शन बापू स्मृति प्रकल्प की संयोजिका डॉ. उमा पण्ड्या ने किया। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं छात्राएं बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## श्रीमद् देवी भागवत कथा हवन पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद भंडारा होगा आज

**अमरवाड़ा ।** श्रीमद् देवी भागवत कथा की अंतिम दिवस शनिवार को पूज्य पाद ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के परम सिद्ध शिष्य आचार्य श्री जितेंद्र पांडे जी श्री विद्यापीठ बनारस के द्वारा कथा मातेश्वरी मंदिर परिसर अमरवाड़ा में आज कथा के नो वे एवं अंतिम दिवस श्री दुर्गा सप्तशती खंड का शेष भाग पाठ का समापन हवन पूर्णाहुति सुबह 8:00 से श्री ज्ञान यज्ञ स्थल पर होगा ।

**महाप्रसाद भंडारा 1 बजे से 5 बजे तक**

श्रीमद् देवी भागवत कथा अमरवाड़ा समापन अवसर पर आयोजक परिवार पंडित लोकेश्वर प्रसाद तिवारी, पंडित नितिन ,सचिन शक्ति शेष तिवारी ने बताया है कि महाप्रसाद का वितरण शनिवार को दोपहर 1:00 बजे से 5:00 बजे तक कथा स्थल मातेश्वरी मंदिर के भवन मैं होने वाले भंडारा में आने की अपील कर तिवारी परिवार नेकहा है समापन अवसर प भंडारा में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करें।

## वार्ड में विद्युत पोल लगाने के लिए सर्वे करवाया

**परासिया ।** वार्ड नंबर 11 के पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी के द्वारा वार्ड में विद्युत पोल लगाने के लिए सर्वे करवाया गया साथ ही वार्ड नंबर 11 और 12 के बीच में आने वाले नाले के किनारे रहने वाले रहवासियों को विद्युत पोल नहीं होने के कारण बिजली की समस्याओं से जूझना पड़ता था इन समस्या से निजात दिलाने के लिए वार्ड नंबर 11 के पार्षद पवन सूर्यवंशी जी ने विद्युत कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा वार्ड का सर्वे करवाया एवं वार्ड में अलग-अलग जगह पर 10 पोल लगाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिया वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी जी को सेवा भाव से काम करने के लिए वार्ड के लोगों ने पार्षद महोदय को धन्यवाद दिया

## मानसून पूर्व मेंटनेंस कार्य, 30 अप्रैल से 7 मई बिजली आपूर्ति बंद

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली लाईनों का मानसून पूर्व मेंटनेंस कार्य किये जाने के संबंध में 30 अप्रैल से 7 मई तक प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत फीडरों से बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना जारी की गई है । कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है ।म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) ने बताया कि 30 अप्रैल को टाउन-01 फीडर व पी.एंड टी., एक मई को 11 केवी सोनपुर रोड टाउन-3 फीडर, 11 केवी सोनपुर रोड टाउन-4 फीडर व मोहरली फीडर, 2 मई को टाउन-3 फीडर व थुनिया फीडर, 3 मई को सोनपुर रोड टाउन-01 फीडर, 4 मई को सोनपुर रोड टाउन-02 फीडर, 5 मई को आनंदम फीडर, 6 मई को प्रथम विहार व लिंगा फीडर और 7 मई को टाउन-04 फीडर व चंदनगांव फीडर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को टाउन-01 फीडर व पी.एंड टी. फीडर से परासिया रोड, पूजा लॉज, सत्कार तिराहा, पाटनी काम्पलेक्स, गुलाबरा, शक्ति नगर, डॉ.महाजन, कलेक्ट्रेट रोड, राजीव गांधी बस स्टैंड भाग-2 क्षेत्रों में और 11 केवी पी.एंड टी. फीडर से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी ।

## प्रेस क्लब अध्यक्ष चुनाव सम्पन्न

चौरई - प्रेस क्लब अध्यक्ष पद के लिए लगातार कई दिनों से मुहिम चल रही थी जिस पर संगठन के द्वारा 27 अप्रेल को अध्यक्ष पद हेतु सर्व सम्मति से अजय सेन को अध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया साथ ही संदीप शर्मा को प्रेस क्लब चौरई के सचिव पद हेतु चुना गया इसके अलावा इसी दिन पूरी प्रेम क्लब की कार्यकारणी गठित हुई जिसमे उपध्यक्ष पद मे सोहन श्रीवास, अनिल राय व कोषाध्यक्ष श्याम चौरसिया को नियुक्त किया गया ! सभी सदस्यों को संरक्षक मंडल अवनीत गंगवाल, भूजेंद्र

## गपशप: डोंट बिकम गामा , इन द लैंड ऑफ लामा

**आनंद कुमार शर्मा**

हर मैदानी इंसान की तरह, पहाड़ मुझे हमेशा से लुभाते रहे हैं। बर्फ से ढकी शफ़्फ़ाक़ चोटियों को निहारने का जो सुख है, वो अनिर्वचनीय है। इत्तिफ़ाक़ से मेरी श्रीमतीजी की राय मुझसे विपरीत है। पहाड़ों में चढ़ने पर घुमावदार सड़कों से उनका सर घूमने लगता है और घाटी पर सड़क के साथ चलती सर्पीली नदी के सौंदर्य पर जब मैं मुग्ध होकर झूमता हूँ। श्रीमतीजी सर को चकराने से बचाने के लिये आँख बंद कर कार की सीट से सर टिका कर नींद लेने का उपक्रम करती हैं। इन्ही सब कारणों से हम कभी उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा नहीं कर पाये और न कभी मानसरोवर की यात्रा करने का विचार बना पाये।

अलबत्ता अब चार धाम और मानसरोवर यात्रा के आकांक्षीयों के लिए खुशख़बरी है कि दोनों जगह जाने के लिए हेलीकाप्टर कि सेवाएँ हो गई है। लेकिन, जो मज़ा सड़क यात्रा का है, यानी चलते बर्फीली चोटियों और सर्पीली सड़क के सौंदर्य को निहारने का वो वायु यात्रा में कहाँ ! मानसरोवर की यात्रा करने के इच्छुक सज्जन हमारे साथी ओमप्रकाश श्रीवास्तव की लिखी 'शिवांश से शिव तक' अवश्य पढ़ें। मानसरोवर यात्रियों को यात्रा की आवश्यक तैयारियों के साथ यात्रा का महत्व और उसके आध्यात्मिक पहलू का ज्ञान इस पुस्तक के पठन से सहज उपलब्ध हो जाएगा।

मानसरोवर की इस यात्रा के लिए भारत सरकार की वेबसाइट में आपको अपना रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। इसके बाद एक दल के रूप में चयनित हुए लोग यात्रा आरंभ करते हैं। मेरे एक और साथी श्री एके सिंह ने भी जो मेरी ही तरह रिटायर हैं भारत सरकार के सौजन्य से होने वाली इस यात्रा के द्वारा मानसरोवर की यात्रा की है। सिंह साहब ने इस यात्रा से जुड़ा एक मज़ेदार वाक़या सुनाया जो आप सबकी नज़्र कर रहा हूँ। सिंह साहब ने बताया की इस दल का एक सबसे बड़ा फ़ायदा ये रहता है कि चिकित्सा सुविधाओं से लैस डॉक्टर दल के साथ ही यात्रा करते हैं। मेरे हिसाब से ये एक बड़ी राहत है। क्योंकि, उम्र के इस पड़ाव पर अनजान जगह जाने में यदि यह सुविधा मुहैया होने की गारंटी हो तो घर वाले हमें जाने देने में बेफिक्र हो जाते हैं। सिंह साहब ने बताया कि उनके दल ने जब यात्रा आरंभ की तो उसमें एक सज्जन योग के बड़े शौक़ीन थे। तरह तरह के आसान और व्यायाम दल के लोगों को बताते और दूसरों का मज़ाक़ भी बनाते कि आप लोगों को कुछ नहीं आता। ये तो हम सब जानते ही हैं कि पहाड़ों पर जाने में ऑक्सीजन की उपलब्धता कम हो जाता करती है। ग्रुप के कैप्टन ने डॉक्टर के साथ इसके लिए एहतियात बरतने का लेक्चर एक दिन पहले ही सबको दिया था, पर दूसरे दिन सुबह जब सब उठे तो देखा वही सज्जन ऊपर एक चट्टान में बैठे हैं। भीड़ में दर्शकों को देख वे और उत्साहित हो गए और इधर उधर हाथ पाँव हिलाने के साथ साथ साँसों को खींचने छोड़ने की प्रक्रिया में फ़ूँ फ़ाँ प्रारंभ कर दिया। सांस खींचने और छोड़ने के क्रम में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधक बनी और देखते ही देखते वे सज्जन चट्टान से लुढ़ककर बेहोश हो गये। लोग दौड़े , उन्हें सम्भाला। चिकित्सक महोदय दौड़े दौड़े आए उन्हें कैंप के चिकित्सा कक्ष में ऐडमिट कर लिया और दूसरे दिन हालात ठीक होने पर पूर्ण स्वस्थ होने के लिए वापस भेज दिया। दूसरे दिन सुबह सभी यात्रियों को इकठ्ठा किया गया और ग्रुप मैनेजर ने फिर से सभी को सावधानियाँ तफ़सील से बयान की और कहा कि मैदानी आदतों को यहाँ बिना परखे दोहराना ठीक नहीं इसके बाद एक आख़िरी सीख से मीटिंग बर्खास्त हुई कि 'डोंट बिकम गामा, इन दी लैंड ऑफ़ लामा।'

# विश्व श्रमिक दिवस -उद्यमेन ही सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथै अर्थात् कार्य की सिद्धि केवल इच्छा से नहीं वरन् कठिन परिश्रम से होती है: योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि मई की पहली तारीख यानी 1 मई को को दुनिया भर के श्रमिकों और मजदूरों को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस या अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस है। यह दिन मजदूरों के लिए मनाया जाता है। ये दिन उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

योग गुरु अग्रवाल ने कहा कि जब आप ठहरे पानी में पत्थर फेंकते हैं तो नहीं जानते उसकी लहरें कितनी दूर तक जाएंगी। अकसर जब हम मुश्किलों का सामना करते हैं तो मनुष्य के रूप में कोई देवता हमें प्रेरित करता है और रास्ता दिखलाता है। ऐसा समय आता है, जब हम अपनी ही क्षमताओं पर विश्वास नहीं कर पाते, लेकिन उस दौरान प्रोत्साहन के शब्द हमें आगे बढ़ने का हौसला देते हैं। आज हम जहां भी हैं, वह इसलिए है कि जीवन के किसी मोड़ पर किसी ने हम पर इतना विश्वास किया था, जितना कि हम भी खुद पर नहीं करते थे। अब हमारी बारी है कि दुनिया के लिए वह करें, जो दुनिया ने हमारे लिए किया था। अगर वे विश्वास की खोज कर रहे हैं तो हम उन्हें भरोसा दिला सकते हैं। अगर ने प्रेरणा की तलाश कर रहे हैं तो हम उनके लिए प्रेरणा बन सकते हैं। जब तक उन्हें अपने पर यकीन नहीं आता, हम उनमें वह यकीन पैदा कर सकते हैं।

हम सभी किसी न किसी के यहां काम करते हैं, लेकिन फिर भी हम सभी के लिए नहीं तो जीवन में आने वाले कुछ लोगों के लिए जरूर प्रेरणा बन सकते हैं। उत्सव मनाइए, आज हमरा श्रम दिवस है। कहा गया है कि कर्म ही जीवन है । कर्म के अभाव में जीवन का कोई अर्थ नहीं रह जाता। मनुष्य को जीवनपर्यन्त कोई-न-कोई कर्म करते रहना पड़ता है और कर्म का आधार है- श्रम । यही कारण है कि प्राचीन ही नहीं आधुनिक विश्व साहित्य में भी श्रम की महिमा का बखान किया गया है ।

जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए श्रम अनिवार्य है । इसलिए कहा गया है- परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्हीं लोगों का जीवन सफल होता है, वे ही लोग अमर हो पाते हैं जो जीवन को परिश्रम की आग में तपाकर उसे सोने की भाँति चमकदार बना लेते हैं । परिश्रमी व्यक्ति सदैव अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहता है । उसके संकल्प कभी अधूरे नहीं रहते एवं मार्ग में आने वाली सभी बाधाओं को पार करते हुए वह सफलता के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहता है ।

श्रम शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। बिना श्रम के शरीर अकर्मण्य हो जाता है एवं आलस्य घेर लेता है। परिश्रम करने के बाद शरीर थक जाता है, जिससे नींद अच्छी आती है। नींद में परिश्रम के दौरान हुई शारीरिक टूट-फूट की तेजी से मरम्मत होती है। श्रम का अर्थ लोग केवल शारीरिक श्रम समझते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। शारीरिक श्रम के साथ-साथ मन-मस्तिष्क के प्रयोग को मानसिक श्रम की संज्ञा दी गई है। शारीरिक श्रम ही नहीं, बल्कि मानसिक श्रम से भी शरीर थक सकता है।

कारखानों में काम करने वाले मजदूरों को जहाँ शारीरिक श्रम करने की आवश्यकता होती है, वहीं शिक्षक, वैज्ञानिक, डॉक्टर, शोधकर्ता इत्यादि को मानसिक श्रम से अपने उद्देश्यों की प्राप्ति करनी पड़ती है । यदि आदिमानव श्रम नहीं करता, तो आधुनिक मानव को इतनी सुख-शान्ति कहाँ से मिलती। गहरी एवं चौड़ी नदियों के आर-पार आवागमन के लिए मजबूत पुल, लम्बी-लम्बी सड़कें, महानगर की अट्टालिकाएँ बड़े-बड़े कारखाने, बड़े समुद्री पोत, हवाई जहाज, रॉकेट, मानव की अन्तरिक्ष यात्रा इत्यादि सभी मानव के अथक श्रम के ही परिणाम हैं। अपने कठोर श्रम के ही परिणामस्वरूप मानव आज आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, औद्योगिक एवं वैज्ञानिक रूप से अभूतपूर्व प्रगति प्राप्त करने में सक्षम हो सका है ।

प्रायः देखा जाता है कि असफलता मिलने के बाद लोग आगे सफलता के लिए प्रयास करना बन्द कर देते हैं, किन्तु सफलता उन्हें मिलती है, जो निरन्तर प्रयासरत रहते हैं । आलसी एवं अकर्मण्य व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त नहीं कर पाता । वह निरा पशु के समान अपना जीवन व्यतीत कर इस संसार से विदा हो जाता है । जीवन गीत का नाम है । जहाँ गति है, वहाँ जीवन है, जहाँ जड़ता है, वहाँ मृत्यु अर्थात् जीवित रहते हुए भी यदि कोई बिना श्रम किए निष्क्रिय होकर अपना जीवन व्यतीत करता है, तो उस व्यक्ति को मानव के स्थान पर मानव-रूपी पशु ही कहना बेहतर होगा ।



कभी मज़दूर थे कभी मजबूर थे, कभी मज़दूर को उसके पसीने का पूरा दाम कहाँ मिलता था, सूखी प्याज़-रोटी केधागे से अपनी भूख को सिलता था। आज दुनिया देख रही है कि मज़दूर वही है लेकिन मजबूर नहीं है। बिना मज़दूर के छोटा हो या बड़ा काम आज भी संभव नहीं है मशीन युग में भी बिना मज़दूर के मशीन चलने को तैयार नहीं है, लम्बे शिकांगो आन्दोलन के बाद से मज़दूर को संजर मजबूरी स्वीकार नहीं है। मज़दूर दिवस पर सभी मित्रों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ। जय बाबा महाकाल जय बाबा चतुर्भुज जय माँ माहेश्वरी जय हिन्द जय गुरुदेव भगवन् जय माँ नर्मदे जय मध्यप्रदेश जय भोपाल।

**- आलोकिरण संजर**

# प्राईवेट स्कूलों के यूनिफार्म और पुस्तकों की बिक्री पर विभाग ने कसा शिकंजा

**कलेक्टर के निर्देश, जिला स्तरीय जांच दल ने 3 अशासकीय विद्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण, स्कूल के संचालक और प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी**

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल के मार्गनिर्देशन में अशासकीय विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिये गठित किये गये जिला स्तरीय जांच दल द्वारा गत दिवस 3 अशासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । जांच दल में सहायक संचालक शिक्षा आई.एम.भीमनवार, बी.आर.सी. असरफ अली, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छिन्दवाडा और मान्यता कक्ष प्रभारी डी.के.वर्मा शामिल थे ।जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिला स्तरीय जांच दल द्वारा छिन्दवाडा नगर के अशासकीय विद्यालय निर्मला पब्लिक स्कूल, विद्याभूमि पब्लिक स्कूल और ऐडिफाई पब्लिक स्कूल के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपस्थित संस्था संचालक, प्राचार्य एवं विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्रा और विद्यार्थियों के अभिभावकों से विद्यालय में संचालित पाठ्य-पुस्तक व निर्धारित गणेवश की विद्यालय में चस्पा सूची के अनुसार क्रय करने के संबंध में जाँच की गई । जाँच के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों और अभिभावकों से विद्यालय में उपयोग किये जाने वाली पाठ्य-पुस्तक और यूनिफार्म के क्रय-विक्रय की शिकायत के संबंध में जानकारी चाही गई एवं अभिभावकों से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत हो तो, ऐसी शिकायत से अवगत कराने का अनुरोध किया गया, किन्तु किसी भी अभिभावक द्वारा पाठ्य-पुस्तक और यूनिफार्म के संबंध में शिकायत प्रस्तुत नहीं की गई । जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि एडिफाई पब्लिक स्कूल के निरीक्षण में नोटिस बोर्ड पर विद्यालय द्वारा जारी पाठ्य-पुस्तक और यूनिफार्म के विक्रेता फर्मों के नामों की सूची सूचना पटल पर अंकित नहीं पाये जाने और संचालक द्वारा भी इस संदर्भ में किसी प्रकार का कोई जबाब प्रस्तुत नहीं किये जाने पर ऐडिफाई पब्लिक स्कूल के संचालक और प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है तथा संतोषप्रद जबाब प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में विद्यालय के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्याभूमि पब्लिक स्कूल में अध्यनरत एक छात्रा से प्रथम किश्त की राशि 17 हजार 500 रूपये लेकर विद्यालय द्वारा टी.सी.प्रदाय किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, जबकि शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यालय जिनके द्वारा अनावश्यक राशि माँगी जा रही है, के विरूध्द विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही संपादित की जाती रही है। उन्होंने बताया कि जांच दल द्वारा कलेक्टर को अभिभावक संघ द्वारा सौंपे गये ज्ञापन के संबंध में स्कूल फीस, विद्यालय गणवेश व पाठ्य पुस्तक के संबंध में भी जांच की गई ।

## गर्मी के मौसम में बारिश ने ठंडक घोली

छिंदवाड़ा। बैमौसम बारिश से गर्मी के मौसम में ठंड का एहसास होने लगा है। लगातार हो रही बारिश ने जहां वातावरण में ठंडक घोल दी है वहीं हवा धूंध आंधी तूफान से नुकसान पहुंच रहा है। बारिश के साथ कहीं कहीं ओले भी गिर रहे हैं। मार्च के बाद अप्रैल माह भी बिना गर्मी पड़े निकल गया अब मई माह शुरू हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मई माह में भी गर्मी पडने की संभावना कम है और आने वाले दिनों में भी बारिश होने की संभावना है। रविवार के दिन तेज बारिश के साथ रिमझिम बारिश का सिलसिला चलते रहा । मोहखेड विकासखंड के ग्राम पंचायत जमुनियामाल के भैरोपानी गांव में आज रविवार सुबह 5:30 बजे एक मकान में बिजली गिरने से मकान समेत घर में रखा समान जलकर हुआ खाक। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रामदास धुर्वे समेत उसका परिवार आराम से अपने मकान में स् रहा था कि रात्रि में 12 बजे लगभग तेज बारिश होने से कच्चे मकान पानी भर जाने से रामदास धुर्वे व उसकी पत्नी-एक पुत्र के साथ सामने बन रहे उनके पीएम आवास मकान में सोने चले गये थे.वही सुबह रामदास धुर्वे व पत्नी उठ गये.पति शौच के लिए चला गया,वही उनकी पत्नी कच्चे मकान में सामने वाले बरामदे मे पानी फेंक रही थी अचानक पीछे मकान मे बिजली गिरने से वह भाग गयी.देखते ही देखते मकान व मकान अंदर रखा घरगृहस्थी समेत समान जलकर खाक हो गया।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर बोले पंकज शर्मा, भाषाई-होड़ के इस जाल से कांग्रेस दूर रहे






नई दिल्ली। कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार जारी है। इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिससे सियासी बवाल शुरू हो गया है।

दरअसल, कर्नाटक में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने पीएम मोदी की तुलना 'जहरीले सांप' से कर दी, जिसके बाद से ही बीजेपी कांग्रेस पर जमकर हमलावर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर कहा कि कांग्रेस और इसके नेताओं का दिमाग खराब हो गया है। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि सांप तो शिव जी के गले की शोभा है।

इसी बीच वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा ने इस मामले पर बड़ी बात कही है। उन्होंने अमर उजाला डिजिटल के कार्यक्रम %खबरों के खिलाड़ी% में शिरकत की और कहा कि मैं मानता हूं कि मल्लिकार्जुन खड़गे को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। वे जिस तरह कहते हैं, उससे अर्थ का अनर्थ हो जाता है। राजनीति में इसकी शुरुआत नौ-दस साल पहले बीजेपी ने की है। मगर कांग्रेस को भाषाई-होड़ के इस जाल में नहीं फंसना चाहिए।

आपको बता दें, खबरों के खिलाड़ी हर शनिवार रात 9 बजे अमर उजाला के यू-ट्यूब और फेसबुक चैनल पर प्रसारित होता है और जाने-माने एंकर सुमित अवस्थी इसे होस्ट करते हैं। इस बारे में अमर उजाला डिजिटल के संपादक जयदीप कर्णिक ने बताया कि ये डिजिटल की दुनिया का एक ऐसा अनूठा शो है जहां तमाम दिग्गज पत्रकार समसामयिक मुद्दों पर अपना पक्ष रखते हैं।



प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के सौवें एपीसोड को सुनते हुए प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी, हितेश वाजपेयी व अन्य पदाधिकारी।

# स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां घोषित आदेश जारी

भोपाल। अप्रैल का महीना खत्म होने के साथ ही सभी बच्चों का एक साल का इंतजार भी खत्म हो जाता है। जी हाँ, क्योंकि मई के शुरू होते ही प्रशासन द्वारा गर्मियों की छुट्टियों का ऐलान हो जाता है। तो इस खबर में हम आपको बताने जा रहे है कि इस बार कब से और कितने दिन स्कूल की छुट्टी रहेंगी।

स्थानीय परीक्षाओं की समाप्ति के बाद में वार्षिक परीक्षा के लिए परिणाम 2 मई को सभी प्राइवेट स्कूलों में विद्यालय स्तर पर जारी किया जाएगा। जिसके बाद सभी बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां कर दिया जाती है। हालांकि इस बार बोर्ड का रिजल्ट लेट आने की संभावना है। बता दें, बीतें दिनों प्रशासन द्वारा मध्य प्रदेश छुट्टी को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने बीते दिन ही आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं राजस्थान में स्कूलों की छुट्टियां लगभग 17 मई से लेकर 23 जून 2023 तक रहेगी। इस बार वार्षिक परीक्षा का परिणाम जो विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई है 2 मई को जारी किया जाएगा। जिसके बाद 16 मई 2023 को शैक्षणिक सत्र समाप्त होगा इसमें अंतिम कार्य दिवस होगा। जिसके बाद 17 मई से इस साल की गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो जाएगी यह छुट्टियां लगभग 23 जून तक चलेगी। खास बात यह है कि बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी शिक्षा विभाग ने स्कूलों में साल 2023-24 की छुट्टियां घोषित कर दी है, जिसकी लिस्ट जारी कर दी गई है।

# भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन में गिरेंगे ओले, जबलपुर, मंडला-बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण रातें ठंडी हो गई है। रविवार-सोमवार की रात को ठंड का अहसास देखने को मिला। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 24 शहरों में पारा 20 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। यहां एक डिग्री से चार डिग्री तक तापमान में गिरावट आई है। भोपाल में एक ही रात में पारा 2.4 डिग्री लुढ़क गया। यहां तापमान 17.6 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 18.9, ग्वालियर में 19.1, जबलपुर में 18.4 डिग्री तापमान रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 14.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। रात में सबसे ज्यादा तापमान सीधी में 21.6 डिग्री दर्ज किया गया। नरसिंहपुर, नौगांव, सतना, टीकमगढ़ में पारा 20 डिग्री से ज्यादा ही रहा।

बिगड़े मौसम से मध्यप्रदेश में न सिर्फ तेज बारिश हो रही है, बल्कि कई जिलों में ओले भी गिर रहे हैं। वहीं, आंधी की स्पीड 70ज्यद्व प्रतिघंटा तक पहुंच चुकी है। रविवार को प्रदेशभर में जोरदार बारिश हुई। वैशाख में सावन जैसी झड़ी लगी। कई जगहों पर आकाशीय बिजली भी गिरी। मई के पहले दिन भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने का अनुमान है।



मौसम विभाग ने गर्मी में पहली बार जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, बालाघाट और कटनी में भारी बारिश होने का अलर्ट भी जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की एक्टिविटी प्रदेशभर में है और यह काफी स्ट्रॉन्ग है। इस कारण प्रदेश में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हो रही है। अगले कुछ दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है।

जिलों में बारिश, आंधी-ओले के आसार

भोपाल, जबलपुर, शहडोल, ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के ज्यादातर जिलों में बारिश होने की संभावना है। इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। भारी बारिश के साथ तेज आंधी का अलर्ट जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, बालाघाट और कटनी जिले के लिए जारी किया गया है।

# मप्र हाईकोर्ट में जजों की संख्या हुई 37, सात नए जजों को चीफ जस्टिस ने दिलवाई शपथ

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों के स्वीकृत पदों की संख्या 53 है, जिसमें से वर्तमान में चीफ जस्टिस को मिलाकर 30 जज कार्यरत हैं। लंबे समय के बाद आज हाईकोर्ट में आज 7 जजों ने शपथ ली। राष्ट्रपति से सातों जजों के नामों की मंजूरी मिलने के बाद विधि एवं न्यायिक विभाग ने उक्त नामों को हाईकोर्ट जज के रूप में नियुक्त किए जाने के आदेश जारी किए है।

एमपी हाईकोर्ट में आज 7 नए जजों की पदस्थापना की गई है, जिससे प्रदेश के हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर अब 37 हो गई है लेकिन अब भी स्वीकृत में से 16 पद खाली हैं। 7 नए जजों की नियुक्ति को लेकर भारत सरकार के विधि एवं न्यायिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है, जिसमें रुपेश चंद्र वाश्नेय, अनुराधा शुक्ला, संजीव सुधाकर कलगावंकर, प्रेम नारायण सिंह, अचल कुमार पालीवाल, हृदेश व अवनीन्द्र कुमार सिंह के नाम शामिल है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ के द्वारा आज नवनियुक्त 7 नए जजों को शपथ दिलवाई गई यह शपथ ग्रहण समारोह हाईकोर्ट के साउथ ब्लॉक सभागार में संपन्न हुआ है, जिसमें कि हाईकोर्ट के जस्टिस भी शामिल होंगे।

भले ही आज 7 जजों की नियुक्ति हाईकोर्ट में हुई हो पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या इतनी नहीं बनी रहेगी, क्योंकि इसी साल 6 जजों का रिटायरमेंट भी होना है। हाईकोर्ट में नए जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया लगातार चलती रहे तो जनता को ज्यादा राहत मिलेगी। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जजों के साथ शपथ लेने वाले न्यायाधीशों के परिवार के लोग भी मौजूद रहे।रुपेश चंद्र वैष्णव मध्यप्रदेश में जिला कोर्ट में जज रहे हैं। मूलतः उत्तर प्रदेश के रहने वाले रुपेश चंद्र ने बीए की पढ़ाई के बाद वकालत की पढ़ाई की, इसके बाद वह न्यायिक सेवा से जुड़ गए। अनुराधा शुक्ला 17 सितंबर 1990 को न्यायिक सेवा में शामिल हुई, और मध्य प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा की सदस्य रहीं। न्यायिक कार्रवाई और गोपनीय रिपोर्ट के आधार पर कॉलेजियम ने सुश्री अनुराधा शुक्ला को



हाईकोर्ट जज की नियुक्ति के लिए उपयुक्त माना। आज सुश्री अनुराधा शुक्ला ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जज के तौर पर शपथ ली।मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के छोटे से शहर बैहर से आने वाले संजीव सुधाकर कलगांवकर ने 24 मई 1994 को न्यायिक सेवा में प्रवेश किया था। 23 फरवरी 1970 को जन्मे संजीव सुधाकर का 1992 में 22 साल की उम्र में मध्यप्रदेश में सेवा के लिए चयन हुआ था। साल 2006 में 36 वर्ष की आयु में संजीव सुधाकर ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा पास की।

# आ जा..आ जा..आ जा बैंड बाजा लेके आ जा पर थिरके कैलाश विजयवर्गीय



इंदौर। पश्चिम बंगाल का प्रभार लिए जाने के बाद से भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय इंदौर में बेहद सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। कभी एक्सरसाइज के वीडियो डालकर फिटनैस साबित कर रहे हैं तो कभी भजन गा रहे हैं।

हाल ही में विजयवर्गीय का एक नया वीडियो सामने आया है। इसमें वे इंदौर में आयोजित एक विवाह समारोह में पुत्र आकाश विजयवर्गीय के साथ फिल्मी गीत आ जा..आ जा..आ जा बैंड बाजा लेके आ जा पर.. पर जमकर थिरक रहे हैं। वीडियो में अन्य लोग भी दिख रहे हैं जो नाचने में उनका साथ दे रहे हैं।

यह वीडियो रविवार रात एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम का बताया गया है। इसमें इंदौर के कई नामी परिवारों के लोग शामिल थे। इसमें विजयवर्गीय के साथ विधायक पुत्र आकाश विजयवर्गीय भी थे। फिर लोग थिरकने लगे तो 66 साल के विजयवर्गीय से भी नाचने का आग्रह किया। इस पर उन्होंने भी थिरकना शुरू कर दिया।

विजयवर्गीय के साथ विधायक आकाश विजयवर्गीय भी नाचने लगे तो लोगों को और मजा आया। खास बात यह कि कैलाश विजयवर्गीय आमतौर पर भजन ही गाते हैं और उनकी छवि भजन गायक की है। ऐसे मौकों पर कई बार वे भजन पर खुद भी थिरकते हैं और लोगों को भी इतना आनंदित कर देते हैं कि माहौल एकदम अलग हो जाता है। इस बार फिल्मी गाने पर उन्हें थिरकते देख कई लोगों ने उनके फोटो लिए और वीडियो भी बनाए।

**विजयवर्गीय की बढ़ती सक्रियता चर्चाओं में:** कैलाश विजयवर्गीय की पिछले कुछ महीनों से इंदौर में बढ़ती सक्रियता इन दिनों राजनीतिक हलकों में चर्चाओं में है। वे इन दिनों कई बार अलग-अलग तरह के बयान देकर चर्चाओं में आ चुके हैं। सिर्फ राजनीतिक आयोजन ही नहीं बल्कि वे निजी कार्यक्रमों में लगातार शिरकत कर रहे हैं।



आज स्वच्छ अभियान के तहत जोन 21 के अंतर्गत न्यू मार्केट क्वालिटी रेस्टोरेंट से प्रारम्भ नालों की सफाई का निरीक्षण किया, इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री आर के सिंह बघेल, पार्षद श्रीमती आरती अनेजा एवं निगम अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश भर में जलाई सरकार के एनपीएस आदेशों की होली



भोपाल। मजदूर दिवस के दिन मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले प्रदेश भर के जिला मुख्यालय में एनपीएस न्यू पेंशन योजना के आदेश की होली जलाई गई तथा प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ओ पी एस लागू करने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया प्रदर्शन ज्ञापन में अशोक पांडे, सुनील पाठक, श्याम बिहारी सिंह, भागीरथ विश्वकर्मा, सत्येंद्र पांडे, हरि सिंह गुर्जर, लव प्रकाश पाराशर, राकेश वर्मा, शिवप्रसाद सांगली, श्याम लाल विश्वकर्मा, चांद सिंह, नंदू लाल मालवीय आदि सैकड़ों कर्मचारी शामिल थे।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि आज भारत सहित विश्व भर में 138 वा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जा रहा है वही प्रदेश का एनपीएस धारक कर्मचारी राज्य सरकार से 18 साल से मांग कर रहा है कि एनपीएस न्यू पेंशन योजना वापस लेकर ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए लेकिन सरकार पुरानी पेंशन योजना लागू करने कीमांग को संज्ञान में नहीं ले रही है सरकार ने एनपीएस धारक कर्मचारियों को झुनझुना पकड़ाने के लिए 1 फरवरी 2023 को एनपीएस समीक्षा समिति का गठन कर दिया है लेकिन इस समिति की 3 माह में एक भी बैठक नहीं हुई है ना ही सरकार ने समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की कोई समय सीमा ही निर्धारित करी है जिससे साफ है कि सरकार ने एनपीएस समीक्षा समिति का गठन सिर्फ ओ पी एस की मांग को दबाने के लिए की किया है इसलिए मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच प्रदेश भर में 1 मई 2023 मजदूर दिवस के दिन एनपीएस समीक्षा समिति का विरोध करते हुए एनपीएस समीक्षा समिति के आदेश की होली जलाई है मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एनपीएस न्यू पेंशन योजना को वापस लेकर ओपीएस पुरानी पेंशन योजनालागू करने की घोषणा करने की मांग करी है भोपाल में मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच मंत्रालय वल्लभ भवन के सामने आदेशों की होली जलाई गई तथा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया।

# मेट्रो रेल के काम में तेजी, रोबोट से बंगाली चौराहा और रीगल तक के टेंडर



इंदौर। शहर में चल रहे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत 5.9 किलोमीटर के हिस्से में ट्रायल रन की तैयारियां शुरू हो गई। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने घनी बसाहट वाले रोबोट चौराहा से रीगल चौराहे तक के टेंडर जारी कर दिए। टेंडर फाइनल होते ही काम शुरू हो जाएगा।

कनाड़िया रोड पर प्रस्तावित मेट्रो के रूट को लेकर मेट्रो के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यहां कोई तोड़फोड़ नहीं होगी। मेट्रो कॉरपोरेशन ने सड़क की चौड़ाई को लेकर सरकार को कोई प्रस्ताव ही नहीं भेजा है। मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए 9 से 12 मीटर की जगह ही चाहिए, जो अभी है और वो पर्याप्त है। एमजी रोड पर मेट्रो का अंडरग्राउंड रूट फाइनल हो गया है। टीआई मॉल के बाद से मेट्रो अंडरग्राउंड होगी। इसके अलाइनमेंट में मामूली बदलाव किया गया है। इसीलिए बदले रूट की सॉइल टेस्टिंग, जियो टेक्निकल सर्वे आदि शुरू किया जाएगा। इसके लिए दो-तीन दिन में सर्वे शुरू होगा। सुपर कॉरिडोर से रोबोट चौराहे तक का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी के साथ आगे के रूट पर काम शुरू किया है। रोबोट चौराहे से टीआई मॉल तक का अलाइनमेंट नहीं बदला है। इसलिए वहां दोबारा जियो टेक्निकल सर्वे की जरूरत नहीं है, लेकिन रीगल के बाद से रूट में बदलाव है, इसलिए यहां फिर से सर्वे करवा रहे हैं।

## 3 से 4महीने में काम शुरू

कनाड़िया रोड से आगे बढ़ने वाली मेट्रो के सिविल वर्क की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। समानांतर रूप से अंडरग्राउंड रूट के लिए सभी की सहमति मिलने के बाद आगे की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

माना जा रहा है कि इसमें कम से कम तीन से चार महीने का समय लगना तय है। प्लानिंग फाइनल होते ही वैल्यूएशन होगा। मौजूदा अलाइनमेंट से कितनी बिल्डिंग्स या इलाके प्रभावित हो रहे हैं, उस पर भी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की टीम ने काम शुरू कर दिया है।

## सड़क चौड़ी करने की जरूरत नहीं

मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारी अजय शर्मा ने कहा कि कनाड़िया रोड की चौड़ाई वाला कोई विषय हमारे सामने आया ही नहीं है। हमारी प्लानिंग में 140 फीट चौड़ी सड़क का कोई प्रश्न नहीं है। हमने ऐसी कोई मांग नहीं की है। जिन इलाकों में पहले ही सड़क का चौड़ीकरण हो चुका है तो वहां दोबारा ऐसी मांग करना संभव नहीं है। हमें 9 मीटर की जगह पर्याप्त है। सर्वे के समय ही हम देख लेते हैं कि यह रूट हमारे प्रोजेक्ट के लिए कितना उपयुक्त है।



मजदूर दिवस पर आज एटक ने पुराने भोपाल में रैली निकाली और मजदूरों के हक में आवाज उठाते रहने का ऐलान किया।

# एनएचएम कार्यालय का घेराव करने पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी, डाक्टरों ने विरोध में बांधी काली पट्टी

स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। राजधानी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र इकाई के प्रदेश कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में सोमवार सुबह से संविदा स्वास्थ्यकर्मी जुट रहे हैं। ये कार्यालय का घेराव करने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व से आंदोलनरत इन कर्मचारियों की मांग है कि उनका संविलियन एनएचएम में खाली पदों पर नहीं किया जा रहा है। इन कर्मचारियों के बड़ी संख्या में पहुंचने के कारण मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति है। राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है। उधर, हमीदिया व जेपी अस्पताल समेत अन्य शासकीय अस्पतालों में डाक्टर सुबह से काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। ये उनके कामकाज में बाहरी दखल को खत्म् करने और केंद्र के समान पदोन्नति की मांग कर रहे हैं।

